


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल




रक्षाबंधन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ


वर्ष 03, अंक 207 | ग्वालियर सोमवार 3 अगस्त 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8


### देश भर में 24 घंटों में कोरोना के 54,735 नए मामले सामने आए

# संक्रमितों की संख्या हुई साढ़े 17 लाख के पार, और 853 लोगों ने तोड़ा दम

**नई दिल्ली।** रविवार को देश भर में बीते 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 54,735 नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही कोरोना के मामले 17,50,723 हो गए हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मताबिक 24 घंटे की अवधि में 853 लोगों ने कोरोनावायरस के कारण दम तोड़ दिया। 5,67,730 मामले सक्रिय हैं, वहीं 11,45,629 लोगों को बीमारी से उबरने के बाद छुट्टी दे दी गई है, जबकि अब तक 37,364 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। इसके साथ ही भारत में कोविड-19 का रिकवरी रेट 64.53 प्रतिशत हो गया है। वहीं देश में मृत्यु दर 2.15 प्रतिशत है। अब तक कुल 1,98,21,831



नमूनों का टेस्ट किया गया है, जिनमें से पिछले 24 घंटों में 4,63,172 टेस्ट हुए। भारत में वर्तमान में कुल 1,344 लैब हैं जो काम कर रही हैं और कोविड-19 टेस्ट करने में सक्षम हैं, इनमें से 913 सरकारी हैं जबकि 431 निजी हैं। भारत में कोविड-19 के सक्रिय मामलों की तुलना में ठीक होने (रिकवरी) के बीच का अंतर महज 52 दिनों में ही 1,573 से बढ़कर 5,77,899 हो गया है।

## गृहमंत्री अमित शाह कोरोना पॉजिटिव, डॉक्टर की सलाह पर मेदांता अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** गृहमंत्री अमित शाह कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। जिसके बाद उन्हें डॉक्टर्स की सलाह पर मेदांता अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। गृहमंत्री अमित शाह ने खुद भी अपने ट्विटर हैंडल पर इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शुरूआती लक्षण दिखने के बाद उन्होंने कोरोना टेस्ट जांच करवाया था। रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। उन्होंने बताया कि उनकी तबीयत ठीक है लेकिन डॉक्टर्स की सलाह पर अस्पताल में भर्ती हो रहे हैं। उन्होंने अनुरोध करते हुए ह्मिखा है कि हाल के दिनों में जो लोग भी उनके संपर्क में आए हैं, कृपया कर खुद को आइसोलेट करें और जांच करवाएं। थोड़ी देर पहले ही अमित शाह ने कोरोना पॉजिटिव होने की जानकारी देते हुए अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, %कोरोना के शुरूआती लक्षण दिखने पर मैंने टेस्ट करवाया और रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। मेरी तबीयत ठीक है परन्तु डॉक्टर्स की सलाह पर अस्पताल में भर्ती हो रहा हूं। मेरा अनुरोध है कि आप में से जो भी लोग गत कुछ दिनों में मेरे संपर्क में आयें हैं, कृपया स्वयं को आइसोलेट कर अपनी जांच करवाएं।%



आईपीएल को भारत सरकार ने दी मंजूरी,

## यूएई में 19 सितंबर से शुरू होगा आईपीएल और 10 नवंबर को फाइनल

**नई दिल्ली।** बहु प्रतीक्षित इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल शेड्यूल को लेकर बड़ी खबर आ रही है. टूर्नामेंट को भारत सरकार ने मंजूरी दे दी है. यह टूर्नामेंट 19 सितंबर से यूएई में शुरू होगा, जबकि 10 नवंबर को इसका फाइनल खेला जाएगा. टीमों में 24-24 खिलाड़ी शामिल किए जा सकेंगे. दूसरी ओर, इंडियन प्रीमियर लीग की संचालन समिति ने यूएई में होने वाले टूर्नामेंट के दौरान कोविड-19 प्रतिस्थापन को मंजूरी दी. इस पर आज हुई बीसीसीआई की मीटिंग में फैसला किया गया. टूर्नामेंट में 10 डबल हेडर यानी दिन में दो मैच शामिल हैं और शाम के मैचों की शुरुआत 7.30 बजे (भारतीय समयानुसार) से होगी. मीटिंग यह फैसला किया गया कि आईपीएल को अगले सप्ताह में बढ़ा दिया जाए और इसी कारण फाइनल 10 नवंबर को खेला जाएगा.




## लद्दाख के बाद अब लिपुलेख बॉर्डर पर चीन ने तैनात किए अपने 1000 जवान

**पिथौरागढ़।** कई बार बातचीत और सहमति के बाद भी बॉर्डर इलाकों में चीन अपनी हकतें जारी रखे हुए है। पिछले महीने लद्दाख में गालवान प्रकरण के बाद अब उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे के पास मौजूद वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन ने अपने इलाके में 1000 जवानों की एक बटालियन को तैनात कर दिया है। 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद ये पहला मौका है, जब चीन ने लिपुलेख दर्रे के पार इतनी बड़ी संख्या में आर्मी को तैनात किया हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भारत ने भी अपने इतने ही जवान सीमा पर तैनात कर दिए हैं, जिससे चीनियों के नापाक इरादों को पूरा न होने दिया जाए। सुरक्षा के लिहाज से अतिमहत्वपूर्ण इसी क्षेत्र में टिंकर के पास भारत-चीन और नेपाल की सीमा लगती है। तीनों मुल्कों का ये इकलौता सेंटर प्वाइंट है। इसी इलाके में कालापानी, लिम्पियाधूरा और लिपुलेख को लेकर नेपाल के साथ भारत का सीमा विवाद चल रहा है। 380 वर्ग किलोमीटर के ये तीनों इलाके 16 हजार फीट से अधिक की ऊंचाई पर मौजूद हैं। इसी साल 8 मई को भारत ने लिपुलेख दर्रे को जोड़ने वाली 80 किलोमीटर लंबी सड़क का उद्घघाटन किया है, जिसके बाद ये इलाका लगातार सुर्खियों में है।



## यूपी कैबिनेट मंत्री की कोरोना से मौत

**लखनऊ/कानपुर।** उत्तर प्रदेश की तकनीकी शिक्षा मंत्री कमल रानी वरुण का रविवार को लखनऊ स्थित संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में निधन हो गया। करीब 62 वर्षीय कैबिनेट मंत्री कोविड-19 से संक्रमित थीं। कमल रानी उत्तर प्रदेश की पहली मंत्री हैं जिनका कोविड-19 संक्रमित होने के बाद निधन हुआ है। वह कानपुर की घाटमपुर सीट से विधायक थी। पूर्व में वह दो बार सांसद भी रह चुकी थी। दोपहर में कानपुर में उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया।एसजीपीजीआई की तरफ से जारी बयान के मुताबिक गत 18 जुलाई को बुखार, खांसी और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत पर भर्ती करायी गयीं मंत्री कमल रानी कोविड-19 से संक्रमित थीं। साथ ही उन्हें मधुमेह, हाइपरटेंशन और हाइपोथाइरॉडिज्म की भी समस्या था। एसजीपीजीआई में भर्ती होने के समय उन्हें निमोनिया भी था, लिहाजा उन्हें फौरन आईसीयू में भर्ती कराया गया था। बाद में मंत्री को अधिक आक्सीजन की जरूरत के मद्देनजर नॉन-इन्वेसिव वेंटिलेशन पर रखा गया था, मगर उनकी हालत ठीक नहीं हुई। एम्स के निदेशक प्रोफेसर रणदीप गुलेरिया और पीजीआईएमईआर चंडीगढ के प्रोफेसर रितेश अग्रवाल से भी विशेषज्ञ सलाह ली गयी। शनिवार को उन्हें मैकेनिकल वेंटीलेटर पर रखा गया मगर उनकी हालत बिगड़ती ही गयी और उनके कई अंगों ने काम बंद कर दिया, नतीजतन रविवार पूर्वाह्न साढ़े नौ बजे उनका निधन हो गया। तकनीकी शिक्षा मंत्री गत 18 जुलाई को आई रिपोर्ट में कोरोना संक्रमित पाई गई थीं। पहले उन्हें श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिसके बाद उन्हें संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में स्थानांतरित किया गया था। इस बीच, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्री कमल रानी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री योगी ने अपने संदेश में कहा है कि कमल रानी बहुत अनुभवी और सक्षम नेता थीं। उन्होंने अपनी हर जिम्मेदारी को बखूबी निभाया था। वह एक समर्पित जनप्रतिनिधि थी, जिन्होंने हमेशा समाज के दबे कुचले वर्गों के कल्याण के लिए काम किया। गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि मंत्री के निधन के बाद मुख्यमंत्री ने रविवार की अपनी अयोध्या यात्रा स्थगित कर दी है। इस बीच, उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने भी मंत्री कमल रानी वरुण के निधन पर दुख व्यक्त किया है। तीन मई 1958 को जन्मी कमल रानी 21 अगस्त 2019 को प्रदेश मंत्रिमंडल में हुए फेरबदल के दौरान मंत्री बनी थीं। वह योगी मंत्रिमंडल की दूसरी महिला सदस्य थीं।



### संक्षिप्त समाचार

## मुख्यमंत्री चौहान ने दी रक्षाबंधन पर्व की बधाई



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के नागरिकों को रक्षाबंधन पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने संदेश में कहा है कि कोरोना के दौर में रक्षाबंधन पर्व भी सावधानी से मनाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रक्षाबंधन पर्व पर प्रदेश की सभी बहनों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि मेरी सभी बहनें स्वस्थ, प्रसन्न एवं सुखी रहें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बहनों से कहा कि आपका भाई, सभी माताओं ,बहनों और बेटियों के सशक्तिकरण का कार्य पूरी ताकत से करता रहेगा।

## राज्यपाल पटेल ने दी रक्षा-बंधन की बधाई

**भोपाल।** राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने प्रदेशवासियों को रक्षा-बंधन पर्व की बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं । राज्यपाल श्रीमती पटेल ने कहा है कि रक्षाबंधन का पावन पर्व सामाजिक एकता, स्नेह और आत्मीयता का अनूठा पर्व है। रक्षा सूत्र का बंधन भाई-बहन के अटूट रिश्ते को मजबूती प्रदान करता है। पारिवारिक समरसता की प्रेरणा देता है। यह पर्व देश में सांस्कृतिक एकता को भी मजबूत बनाता हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को रक्षाबंधन के पर्व पर महिलाओं के सम्मान का संकल्प लेना चाहिए।



भोपाल में रविवार को ईदगाह हिल्स की हिन्दू-मुस्लिम बहनों ने भगवान राम और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राखी बनाई।

## प्रधानमंत्री मोदी के लिए पाकिस्तान से बहन ने भेजी राखी

**नई दिल्ली।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बहन ने पाकिस्तान से राखी भेजी है। आरएसएस से जुड़ने के बाद प्रधानमंत्री मोदी से कमर की मुलाकात हुई थी। उस दौरान कमर अपने पति का साथ दिल्ली किसी काम से आई थी। संयोग से उस दिन रक्षाबंधन था।

तब उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से राखी बांधने का आग्रह किया और प्रधानमंत्री ने भी हामी भरी और तभी से मोहसिन उन्हें राखी बांधती आ रही है। कमर मोहसिन शेख ने बताया, नॉवेल कोरोना वायरस के कारण मौजूदा संकट के हालात में पहले मैं अपने भाई की रक्षा की दुआ करती हूं।

## रॉयल सुपरस्टार टीम के साथ ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने की बैठक



**अमित शर्मा रिपोर्टर**

ग्वालियर-माननीय ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर जी के द्वारा 38 नंबर बंगले पर रॉयल सुपर स्टार टीम के साथ की बैठक । बैठक में रॉयल सुपर स्टार टीम के सदस्यों द्वारा किये जा रहे कार्यो पर चर्चा की जिसमे सदस्यों का परिचय भी हुआ। लगभग 250 सदस्य मौजूद रहे साथ ही सदस्यों ने अपनी भी बात भी रखी मंत्री जी के सामने। बैठक का संचालक श्री राम लखन सिंह सिकरवार जी के द्वारा किया गया । मंत्री जी अस्वासन दिया जहाँ भी जिस समय उनको याद करेंगे वो बहा खड़े होंगे मंत्री जी ने ये भी कहा जहाँ जनहित कार्य मे किसी भी प्रकार की परेशानी आयेगी वो हमेशा उसको दूर करने में प्रयासरत रहेंगे। जिसमें राम लखन सिकरवार द्वारा सभी का परिचय बताते हुये कहा कि ग्रुप द्वारा विगत कई वर्षों से सामाजिक कार्य किये जा रहे है जिनमे सभी सदस्यों के सहयोग से । जब सामाजिक कार्यो की बात आती है तो चाहे वो किसी भी प्रकार कार्य हो ग्रुप के सभी सदस्य एक साथ मिल काम करते रहते है इसके साथ लॉक डाउन में भी ग्रुप के द्वारा काफी लोगो राशन, भोजन, के साथ हरे चारे की व्यवस्था भी की गई। इन सभी बातों को लेकर काफी लंब्बे समय तक चर्चाएं चलती रही जिसमे रामलखन सिकरवार, प्रदीप सिकरवार, कमल सिंह राजपूत एवं राजेश भदौरिया ने अपने विचार रखे कि इसके साथ ही मंत्री जी के सामने ग्रुप के सदस्यों द्वारा ग्रुप को मजबूत करने के लिये प्रताव भी रखा कि ग्रुप आगे कैसे कार्य करे इसके लिये मार्गदर्शन की अपेक्षा रखी । मंत्री जी ने संगठन के सभी सदस्यों को आश्वासन दिया है कि संगठन के द्वारा किए जाने वाले कार्यो मे सहयोग करेंगे और. रॉयल सुपर स्टार टीम का नाम और ऊंचे स्तर तक लेकर जाएंगे और सभी संगठन के सदस्यों को ईद एवं रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी और सभी को कोराना काल के महामारी से बचने के लिए और दूसरों को बचाने के लिए भी कहा। सभी टीम के सदस्यों ने एक प्रण भी लिया इस बारिश में सभी लोग एक एक पेड़ जरूर लगाएं7 इन सभी चर्चाओं का साथ मुख्य भूमिका ठुद्बड्ड रहे रामलखन सिकरवार के साथ टीम के काफी सदस्य मौजूद रहे जिनमे से कमल राजपूत, प्रदीप सिंह सिकरवार, गुड्डू चौहान, कृपाल सिंह सिकरवार, जीतू परमार, शेर सिंह राजपूत, संजय शर्मा, छोटू तोमर, अनूप राय, पालू यादव, हरेंद्र लोधी मौजूद रहे


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

# अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के भव्य राम मंदिर भूमि पूजन में पूर्व मंत्री कुंवर जय भान सिंह पवैया ग्वालियर से भिंड होते हुए अयोध्या प्रस्थान करेंगे

## आज भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मालनपुर से लेकर भिंड तक किया जाएगा स्वागत

**भिंड ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 अगस्त को उत्तर प्रदेश के अयोध्या धाम में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के भक्त मंदिर निर्माण के भूमि पूजन कार्यक्रम में अयोध्या आंदोलन के जनक वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व सांसद एवं मंत्री कुंवर जयभान सिंह पवैया आमंत्रित अतिथियों के तहत अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गवालियर से दिनांक 3 अगस्त सोमवार को अयोध्या के लिए भिंड होते हुए प्रस्थान करेंगे । इस बीच पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनके भव्य स्वागत पुष्प मालाओं से किया जाएगा मंदिर निर्माण के लिए आंदोलन में उनकी अहम भूमिका थी । भाजपा जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने बताया की पूर्व मंत्री वरिष्ठ भाजपा नेता कुंवर जयभान सिंह पवैया अपने अयोध्या दौरे के निर्धारित कार्यक्रम के तहत अपने निवास स्थान ग्वालियर से सुबह 10ः00 बजे 3 अगस्त को भिंड होते हुए अयोध्या के लिए रवाना होंगे । इस बीच भाजपा कार्यकर्ता विभिन्न चौराहों पर उनके स्वागत लिए कार्यकर्ता अगुवानी करेंगे और पुष्प वर्षा कर शुभ यात्रा के लिए बधाई देंगे । भाजपा जिला अध्यक्ष गुर्जर ने बताया कि पूर्व मंत्री पवैया की भिंड की सीमा मालनपुर में मंडल अध्यक्ष देवेंद्र गौड़ सर्वा पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल सिंह तोमर गोहद चौराहे पर दीपक सिंह तोमर गोहद नगर अध्यक्ष विवेक जैन बिड़खडी चितौरा मंडल अध्यक्ष रवि शर्मा मेहगांव गजेंद्र सिंह भदोरिया गोरमी मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक सोनी मंडल अध्यक्ष जेल सिंह नरवरिया दंदरौआ मंडल अध्यक्ष राजवीर सिंह गुर्जर स्वागत करेंगे । उन्होंने बताया भिंड शहर की सीमा में पहुंचते ही वन खंडेश्वर मंडल अमित जैन महाराणा प्रताप मंडल अध्यक्ष शेरू पचौरी सुभाष मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह भदोरिया टीपू एवं मोर्चा प्रकोष्ठ के समस्त कार्यकर्ता निर्धारित स्थान निकलते समय स्वागत करेंगे । पार्टी जिला अध्यक्ष गुर्जर ने बताया कुंवर पवैया अटेर विधानसभा क्षेत्र की सीमा बूथ होते हुए इटावा उत्तर प्रदेश की सीमा में प्रवेश करेंगे । फूप में मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र पालीवाल पीपरी मंडल अध्यक्ष रायसिंह नरवरिया सुरपुरा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह भदोरिया अटेर मंडल अध्यक्ष संतोष सिंह तोमर तथा पार्टी के सभी कार्यकर्ता उनकी अगुवानी करते हुए स्वागत कर शुभ यात्रा के लिए बधाई देंगे ।





## अयोध्या में राम मंदिर भूमि पूजन के समय घरों में दीपक जला कर खुशी का इजहार करें : अरविंद भदौरिया

सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदोरिया ने भी विधानसभा क्षेत्र की जनता को आग्रह किया है कि 5 अगस्त को अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि के भूमि पूजन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी इस कार्यक्रम को आयोजित करेंगे । हम सब पार्टी कार्यकर्ता एवं सर्व समाज की जनता का भी कर्तव्य है कि हम भगवान राम के प्रति श्रृद्धा भाव रखते हुए अपने अपने घरों पर दीपक जलाकर खुशी का इजहार करें । मैं आप सभी से आग्रह करता हूं आपके घर पर जलाया हुआ दीपक श्री राम जी की शक्ति को आपके हृदय में प्रकट करेगी । उन्होंने कहा कि अयोध्या में कार्य सेवा में जिन्होंने अपना बलिदान दिया । आज उनका सपना साकार होने जा रहा है बरसों से अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का विवाह चला आ रहा था , प्रधानमंत्री मोदी जी ने जिसका रास्ता निकाल कर हिंदुओं के आस्था के केंद्र श्री मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का मंदिर बनाने की योजना प्रारंभ जो की उन्होंने कहा की राम लला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे इसी भाव व संकल्प को साथ 5 अगस्त को मंदिर निर्माण की आधारशिला देश के प्रधानमंत्री जी रखने जा रहे हैं इसमें हम सभी को उनके साथ और ताकत को मजबूत करने के लिए अपने अपने घरों पर आवश्यक घी का दीपक जलाकर के भगवान श्री राम जी के प्रति आस्था व्यतीत करें मैं अटेर विधानसभा क्षेत्र की जनता से आग्रह करता हूं ।

## राम जन्मभूमि भव्य मंदिर निर्माण के शिलान्यास के समय भाजपा कार्यकर्ता एवं सर्व समाज की जनता अपने घरों पर दीपक जलाकर खुशी का इंतजार करें : नाथू सिंह गुर्जर

भाजपा जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने कहा कि राम शरद कोठारी युवाओं और भिंड के सत्यपाल के शहीद होने का सपना पूरा होगा भिंड । भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने कहा है कि देश की 135 करोड़ सर्व समाज की जनता के आस्था के केंद्र मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण की आधारशिला रखने जा रहे भारत के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, मंदिर निर्माण के लिए अपने प्राणों की आहुतियां देकर जो शहीद हुए उनका सपना पूरा करने जा रहे हैं । हम भिंड जिले के सर्व समाज की जनता एवं पार्टी कार्यकर्ता अपने अपने घरों पर घी का दिया जला कर मोदी जी की शक्ति को गति दें । भाजपा जिला अध्यक्ष गुर्जर ने कहा कि अयोध्या के कार्यसेवकों ने मंदिर निर्माण के लिए अपने हिंदुत्व शक्ति के साथ प्रदर्शन किया । पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश मुलायम सिंह यादव की सपा सरकार ने राम भक्त , कार्यसेवकों पर राम शरद कोठारी तथा भिंड के सत्यपाल अग्रवाल और पुत्तू बाबा जिन्होंने अपना बलिदान दिया था वह 5 अगस्त को पूरा होने जा रहा है , ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करेगा । उन्होंने कहा कि भिंड के चंबल पुल पर मुलायम सिंह सरकार ने जो सीमा सेंड की थी वहां पर भी हमारे भिंड के पार्टी कार्यकर्ता एवं कार्यसेवकों ने दीवाल को लाल कर भी अयोध्या में प्रवेश किया । यह राम भक्तों की शक्ति का प्रतीक है और जनों के ऊपर भी उन्होंने गोलियां चला कर उन्हें घायल किया ऐसे कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी नमन करती है । उन्होंने कहा कि श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिलान्यास की एक यादगार तारीख़ बनेगी , अब किसी भोर के सपने की तरह सच होने जा रही है. हिन्दु जनमानस की शताब्दियों की आकांक्षा की पूर्ति की साक्ष्य बन रही इस तारीख़ के एक -एक पल का इंतज़ार देशवासियों को हो रहा है. उनकी चिर संचित अभिलाषा पूर्ण होने जा रही है , ठीक सौ सवा सौ घंटे के बाद । हम सौभाग्यशाली भी हैं जो इस घटना के चश्मदीद बनने जा रहे हैं. हमारे पूर्व जन्म के कुछ सु -कृत ही उदित हो रहे हैं कि यह सुघटना हमारे सामने घटित हो रही है । यह भी उतना सच है, कि श्री राम जन्मभूमि पूर्व में सिद्ध महात्मा श्यामनन्द जी महाराज के अधिकार क्षेत्र में थी । जलालशाह ने अपने गुरु श्री श्यामनन्द महाराज को धोखा देकर ख़्वाजा कजल अब्बास मूसा के साथ मिलकर मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाने का विचार किया और इस्लाम का परचम फहराने की योजना बनाई । पहले ये दोनों बाबर के विश्वस्त बने फ़िर मीरबाँकी को उकसाकर विध्वंस की योजना को आकार देने लगे । क्षुब्ध होकर श्यामनन्द जी महाराज अयोध्या छोड़ तपस्या के लिये चले गये और मंदिर की रक्षा में सन्नद्ध पुजारियों के सर काट लिये गये । बलिदान की कथा का सूत्रपात यहीं से होता है । उसी समय भीटी के महाराज बद्रीनारायण की यात्रा पर निकले. जाते समय उनका पड़ाव अयोध्या में था. जब उन्हें यह समाचार मिला तो उन्होंने अपनी यात्रा निरस्त कर अपने एक लाख चौहत्तर हज़ार सैनिकों के साथ बाबर से युद्ध प्रारम्भ कर दिया. सत्तर दिन चले इस युद्ध में सभी सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए. मीरबाँकी ने तोप लगाकर मंदिर का विध्वंस कर दिया और फिर उसी ईंट और मलबे से मस्जिद का निर्माण उसी स्थान पर कर दिया. इतिहासकार कनिंघम ने अपने लखनऊ गजेटियर के 66वे अंक के पृष्ठ 3पर इसका आधिकारिक उल्लेख किया है.

# दुल्हागन गांव की विद्युत समस्या का तत्काल समाधान किया जाए : अरविंद सिंह भदोरिया

## चिरायु अस्पताल से प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉक्टर भदोरिया ने विद्युत मंडल अधिकारियों को किया निर्देशित

**भिंड ।** मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता मंत्री एवं अटेर विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा में जनता का प्रतिनिधित्व कर रहे डॉ अरविंद सिंह भदोरिया ने ग्राम पंचायत दूल्हा गन मैं ग्रामीण जनों को हो रही विद्युत समस्या का समाधान तत्काल किया जाए , किसी भी प्रकार की उन्हें कठिनाइयां ना हो । विभागीय अधिकारी तत्काल दुल्हागन पहुंचकर विद्युत समस्या का समाधान कराएं , जहां ट्रांसफॉर्मर नहीं है वहां ट्रांसफॉर्मर को रखा जाए , जहां विद्युत लाइन जर्जर हालत में है उसका तत्काल मेंटेनेंस किया जाए ताकि ग्रामीण जनों को किसी भी प्रकार की कठिनाइयां ना हो बिजली बिलों में किसानों को आ रही दिक्कतों का भी समाधान तत्काल किया जाए । प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदोरिया ने कोरोना वायरस के संक्रमण होने के कारण भोपाल के जिला अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं । उन्होंने वहीं से भिंड विद्युत मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि वह



तत्काल ग्रामीण जनों के बीच पहुंच कर विद्युत समस्या का समाधान करें । डॉक्टर भदोरिया ने कहा कि उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है की तीन महीने से दुल्हागन में बिजली नहीं है , कृषि पंप लाइन के पोल टूटे पड़े हैं । अटेर तहसील के अंतर्गत परा बिजली घर से निकलने बाली दुल्हागन लाइन अप्रैल मई में करीब तीन महीने पहले भयंकर आँधी तूफान आने के कारण आधी से ज्यादा लाइन खम्बे टूट गए थे बिभाग को कई बार लिखित व मौखिक रूप से अवगत कराने के उपरांत भी आज तक चालू नही हुई है बारिश कम होने के कारण किसान बंधुओं की धान, व बाजरा की फसल खत्म होने के कगार पर है अगर किसानों की फसल खत्म ही हो गयी तो बो बिल कहाँ से अदा करेंगे । वैसे भी किसानों को फ्लैट रेट होने पर पूरे बर्ष का बिल भरना पड़ता है किसान पवन शर्मा जनोरा, कृष्ण बिहारी पांडे दुल्हागन , ग्यान सिंह बघेल ,सत्य नारायण पुरोहित सोई,राजू कमई ,विशाल कुशवाह परा,वीरेंद्र पाठक दतावली,आदि किसानों की शासन प्रशासन से मांग है कि जो तीन महीने से जब तक लाइन चालू होती है तब तक का पूरा बिल माफ किया जाए । उपरोक्त सुझाव ग्रामीण जनों ने सोशल मीडिया के द्वारा अवगत कराया ।

## राष्ट्रीय बजरंग दल चला गाँव की ओर हर गाँव से 20 कार्यकर्ता जोड़ने की मुहिम चलाई



**खेरागढ।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंगदल सदस्यता अभियान जगनेर व तांतपुर क्षेत्र मे राष्ट्रीय बजरंगदल के कार्यकर्ताओं का हर रोज विस्तार हो रहा है हर दिन नए युवा कार्यताओ को मनोज कुमार जी राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेशानुसार रवि परिहार जिला गौ रक्षा प्रमुख के नेतृत्व में जोड़ा जा रहा है साथ मैं मानवेन्द्र परमार जिला उपाध्यक्ष , रामू परमार जिला सुरक्षा प्रमुख संदीप सिकरवार जिला उपाध्यक्ष, संजू बाबा जिला सह मंत्री सुनील परमार जिला मीडिया प्रभारी रुपे परमार जिला पंचायत प्रत्याशी , मौजूद थे आज सोनीखेड़ा मैं रामू गुर्जर जी को नगर न्याय पंचायत मीडिया प्रभारी एवम बंटी पटेल जी को ग्राम आई टी सेल अध्यक्ष बनाया गया नगला भुम्मा में रबी परमार को जिला सह गौ रक्षा प्रमुख अनार सिंह परमार न्याय पंचायत उप मीडिया प्रभारी बनाया गया नगला बाबरी बरिगवां खुर्द में भी साधू सन्यासियों के साथ ही नए सेंकडो कार्यकर्ताओ के साथ अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद की सदस्यता ली

## आनंदक क्लब भाइयों से नए कपड़े और मिठाई पाकर मुस्कुराई बहनें...

केशव प्रसाद शर्मा ब्यूरो

अम्बाह... आचार्य आनंद क्लब द्वारा रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर आर्ट ऑफ लिविंग एवं रोटरी के साथियों के साथ मिलकर एक सैकड़ा बहनों को नए वस्त्र मिष्ठान एवं उपहार आदि भेंट किए। संयोजक सुधीर आचार्य ने बताया कि लॉकडाउन के चलते दैनिक रोजी-रोटी को परेशान श्रमिक मजदूरों के परिवारों में इस बार त्यौहार की चमक फीकी फीकी नजर आ रही है, इसी कारण इन



परिवारों के बच्चों के चेहरों पर मायूसी और उदासी साफ झलक रही थी ऐसे में बच्चों के उत्साह और खुशी के लिए आचार्य आनंद क्लब के पदाधिकारियों ने बहनों को बाजार से ले जाकर रक्षा सूत्र दिए और त्यौहार पर नए कपड़े तथा मिठाइयां भी दीं। जिन्हें पाकर बहनों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने हंसी खुशी से इन आनंदक भाइयों की कलाइयों पर राखी बांधी। सर्वप्रथम उपस्थित सभी बहनों को मास्क वितरित किए गए और मास्क का सही प्रयोग करना सिखाया गया। साथ ही साथ हाथ धोने के बताये। इसके उपरांत सभी बहनों ने उपस्थित आनंद को रोटेरियन और आर्ट ऑफ लिविंग के पदाधिकारियों के हाथों में रक्षा सूत्र बांधें। उपस्थित जनों ने बहनों को रक्षा का वचन देते हुए उपहार आदि भेंट किए। इस अवसर पर आनंदक बिंदुसार सिंह तोमर, विश्वनाथ गुर्जर, मनोज पंडित, दुष्यंत सिंह तोमर, अंकित मिश्रा,अरविंद मावई, आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक पंडित बालकृष्ण शर्मा, विवेक सिंह, महेंद्र सखवार, गोपाल दीक्षित, राजू गुर्जर, सुधीर आचार्य प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## शाहरी लोक सेवा केंद्र के संचालक सिद्धार्थ जैन मैं स्वच्छता की उड़ाई धज्जियां





भिंड में शहरी लोक सेवा केंद्र के संचालक सिद्धार्थ जैन ने स्वच्छता अभियान की उड़ाई धज्जियां वह कंप्यूटर ऑपरेटरों को किया सफाई के लिए मजबूर जो कि ढाई हजाररुपए के वेतन पर कार्य कर रहे हैं लोक सेवा गारंटी की ओर ध्यान नहीं दे रहे शायरी लोक सेवा केंद्र रामभरोसे चल रहा है ना कोई सिस्टम चालू है कई कंप्यूटर खराब पड़े हुए हैं कई बार कंप्यूटर ऑपरेटर कर्मचारियों ने सिद्धार्थ जैन से इस बात के लिए कहां लेकिन उसने अभी तक ध्यान नहीं दिया गया कई बार एसडीएम कलेक्टर के निर्देशों भी पालन सिद्धार्थ जैन नहीं कर रहे कंप्यूटर ऑपरेटरों का छह माह से वेतन भी नहीं दिया गया है कलेक्टर की देखरेख में लोक सेवा केंद्र संचालित रहते हैं शहरी लोक सेवा केंद्र सारे नियमों को ताक पर रखकर संचालित कर रहे हैं कलेक्टर भिंड से इस लोक सेवा केंद्र को सही तरीके से देख और इसकी जांच करें।

## श्री राम शासकीय उपभोक्ता भंडार का सेल्समैन कर रहा है अपनी मनमानी

संतोष भदौरिया रिपोर्टर

गोरमी वार्ड क्रमांक 2 गोरमी मैं श्री राम सरकारी उपभोक्ता भंडार द्वारा 4 महीने से खाद्यान्न वितरण नहीं किया गया गरीबों को खाद्यान्न नहीमिलाऐसा वहां की गरीब जनता ने बताया केंद्र सरकार द्वारा जब लोक डाउन किया गया था कोरोना की वजह से तब 3 महीनेपहले का राशन बांट दिया गया था लेकिन श्रीराम उपभोक्ता भंडार गोरमी के सेल्समैन विद्याराम कटारे एवं अरविंद सोनी ने उपभोक्ताओं को 2 महीने का राशन दिया था कई बार कहने पर उसने कहा मात्र 2 महीने का ही आया है जब गरीब उपभोक्ता उनसे बात करने की



कोशिश करता है तो गाली गलौच व अभद्रता करने पर उतारू हो जाता है केंद्र सरकार ने विशेष राहत पैकेज भेजा था वह भी फ्री राशन बांटने के लिए लेकिन यहां पर कोई राशन नहीं मिला यह संचालक तोल मे भी कम देता है और अभद्रता भी करता है इस बात की शिकायत कलेक्टर भिंड को दिनांक 28 /I/ 2020 को की है व मुख्यमंत्री शिवराज चौहान जी के नाम से ज्ञापन भी दिया है और मांग की है कि ऐसे सरकारी उपभोक्ता भंडारों के संचालकों को हटाया जाए व उन पर दंडात्मक कार्यवाही की जाए यहा कि गरीब जनता को राहत मिले व न्याय मिले

## शातिर लुटेरा 5000 का इनामी बदमाश बडोनी पुलिस की गिरफ्त में !

संदीप प्रधान ब्यूरो

दतिया श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अमन सिंह राठौर, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय आरडी प्रजापति ,श्रीमान एसडीओपी महोदय बड़ौनी श्री धर्मेंद्र सिंह तोमर जी के मार्गदर्शन में अपराधियों की धरपकड़ के दौरान थाना बड़ौनी पुलिस द्वारा ?5000 के इनामी बदमाश भरत पुत्र बदन सिंह गुर्जर उम्र 55 साल निवासी लक्ष्मणगढ़ थाना महाराजपुरा जिला ग्वालियर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी भरत गुर्जर ने 201। में अपने बेटे रवि गुर्जर,भाई मनोज गुर्जर,तथा साथी उदय सिंह गुर्जर, उदयवीर गुर्जर,जीते गुर्जर,मनोज गुर्जर,दीपू गुर्जर,बंटी गुर्जर के साथ मिलकर ग्राम बड़गोर से 315 बोर की



बंदूक सोने चांदी के लाखो के जेवरात रात्रि में घर मे घुसकर चुरा लिए थे ।उक्त गैंग द्वारा थाना कोतवाली,थाना बैराड़ जिला शिवपुरी,थाना महाराजपुर ग्वालियर,थाना नूराबाद मुरैना में भी कई चोरी और डकैतियों को अंजाम दिया है । आरोपी भरत गुर्जर 201। से फरार चल रहा था , उसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस कप्तान दतिया द्वारा 5000 रुपये का ईनाम घोषित किया गया था ,फरार आरोपी को एस टी एफ़ ग्वालियर की मदद से ग्राम बिलहारी से किया गया गिरफ्तार । फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी रविन्द्र शर्मा,सउनि राजेन्द्र सिंह पुट्ठा,सउनि मान सिंह, आर मोनू राठौर, पुष्पेंद्र यादव,दिलीप प्रधान,रविन्द्र यादव कि मुख्य भूमिका रही ।

## अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता शिवराज सरकार की मजबूती के लिए भाजपा प्रत्याशी की ताकत मजबूत करें : प्रो. इकबाल अली

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने ईद मिलन समारोह के साथ उपचुनाव का किया शंखनाद

**भिंड ।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रोफेसर इकबाल अली ने गोहद विधानसभा के उपचुनाव को दृष्टिकोण रखते हुए भाजपा एवं अल्पसंख्यक समाज के बीच पहुंच कर कहा कि यह उपचुनाव आपके क्षेत्र के विकास को तय करने जा रहा है, हम सब कार्यकर्ताओं की इसमें अहम भूमिका होनी चाहिए । शांति सद्भावना और आत्म भारत निर्माण के लिए ईद के मौके पर मैं आप सभी को जागृत करने आया हूं कि अपने अधिकारों के प्रति जागृत होकर मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार को मजबूती प्रदान करने के लिए भाजपा प्रत्याशी को प्रत्येक पोलिंग बूथ पर अपना आशीर्वाद देकर उन्हें भोपाल पहुंचाएं जिससे आपके विकास को तय कर सकें जिसमें हम सब कार्यकर्ताओं की अहम जिम्मेदारी हो । यह उद्गार उन्होंने अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत गोहद क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर पार्टी कार्यकर्ताओं अल्पसंख्यक समाज संबोधित करते हुए व्यक्ति की उनके साथ भारतीय सीमा सुरक्षा बल के रिटायर्ड स्पेक्टर एवं



मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष जेडी खान प्रमुख रूप से उपस्थित थे । भाजपा मीडिया सेंटर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं गोहद विधानसभा उपचुनाव के चुनाव प्रभारी प्रोफेसर इकबाल अली और जिला उपाध्यक्ष जेडी खान गोहद विधानसभा क्षेत्र के भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री श्रीमती अर्चना शर्मा गोहद के नगर अध्यक्ष विवेक जैन एडवोकेट चितौरा मंडल अध्यक्ष रवि शर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल सिंह तोमर मालनपुर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र गौड़ एवं ग्राम पंचायत खितौली सरपंच जनाब शरीफ खान के निवास स्थान पहुंचकर उपचुनाव को दृष्टिकोण रखते हुए ईद मिलन के साथ स्वागत किया और प्रांतीय संघ भावना भाईचारे एकता का संदेश भी दिया ताकि हम सब भारतीय जनता पार्टी के लिए तन मन विचार के भाव को लेकर आप सभी के बीच आए हैं । अपने-अपने मतदान केंद्रों पर भाजपा की शक्ति को बढ़ाते हुए भाजपा की प्रत्याशी के समर्थन में अपने अपना मत देकर और क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाएं जिससे अल्पसंख्यक समाज की ताकत और भाजपा की ताकत आप सभी के समक्ष एक अहम भूमिका के रूप में खड़ी हो सके उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा अल्पसंख्यक समाज के साथ धोखा करती चली आ रही है । उनके राजनीतिक वोट कबाड़ने का षड्यंत्र रचा कर विकास की मुख्यधारा से दूर रखा , भारतीय जनता पार्टी ने डॉ एपीजे अब्दुल कलाम साहब को राष्ट्पति जैसे महत्वपूर्ण पद पर बैठाया जिससे सारा समाज गौरवान्वित हुआ । भारत सरकार में भारतीय जनसंघ के वरिष्ठ नेता सिकंदर बख्त आरिफ बेग, मीशाबंदी लोकतंत्र सेनानी समाज के युवा चेहरे हस्मद वारसी को केंद्रीय मंत्रिमंडल में स्थान दिया । सत्ता और संगठन में महत्वपूर्ण पदों पर समाज का नेतृत्व करने के लिए जिम्मेदारी सौंपी और कांग्रेस ने आज तक ऐसा अल्पसंख्यक समाज के लिए कोई काम नहीं किया जिससे समाज आज उनकी नीतियों से गौरवान्वित होता देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सर्व समाज को साथ लेकर आत्मनिर्भर भारत निर्माण की कल्पना की है । उसमें हम सभी लोग शामिल होकर उनके नेतृत्व में इस भारत देश को विकासशील बनाकर उनकी ताकत को मजबूत करें ।


## अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का अल्पसंख्यक समाज ने किया स्वागत

अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो. इकबाल अली जिला अध्यक्ष भारतीय सेना के रिटायर्ड कैप्टन बादशाह खान जिला उपाध्यक्ष जेडी खान ने स्वागत करते हुए कहा कि हम सब समाज को बढ़ा खुशी का समय है कि अयोध्या में भगवान राम मंदिर निर्माण की आधारशिला देश के प्रधानमंत्री रखने जा रहे हैं जिससे हमारा समाज भी गौरव वित्त है कि हम सब एक शांति व सद्भावना एक भाईचारे के साथ इस भारत में रहकर यह संदेश देना चाहते हैं कि हम सब एक हैं जिससे यह भारत विकास की ओर आगे बढ़ सके उनके साथ अनुसूचित जाति मोर्चा के भिंड नगर अध्यक्ष श्याम जाटव भी शामिल थे । इस अवसर पर ताजी मोहम्मद शाहिद कुरेशी रसूल अहमद इरफान खान निजाम खान रईस खान मुबारक खान हसीब खान आदि समाज के लोग शामिल थे ।

# प्रदेश में संचालित होगा पोषण अभियान

## दूसरे विभाग भी आंगनवाड़ी केन्द्रों को सक्षम बनाने में सहयोग करें - मुख्यमंत्री चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बच्चों और महिलाओं का कुपोषण दूर कर उन्हें स्वस्थ बनाए रखने में आंगनवाड़ी केन्द्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कोविड-19 के दौर में इसका महत्व और भी बढ़ गया है। दूसरे विभाग भी आंगनवाड़ी केन्द्रों को सक्षम बनाने में सहयोग करें। अधिकारी और मंत्रीगण भी जिलों में भ्रमण के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरस्त करने में सहयोग प्रदान करें। पोषण अभियान की कार्ययोजना बनाकर शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त किए जाएं। महिला और बाल विकास की योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन को बेहतर बनाया जाए। जो कमियां दिखें उन्हें दूर किया जाए। मुख्यमंत्री चौहान ने निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी केन्द्रों पर विभिन्न व्यवस्थाएँ करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग विभिन्न विभागों के साथ समन्वय बढ़ाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रविवार को अस्पताल से वीडियो कान्फ्रेंस द्वारा प्रदेश की आंगनवाड़ियों के संचालन की समीक्षा करते हुये ये निर्देश दिये। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि एक मूवमेंट और जन आंदोलन बनाकर कुपोषण का कलंक दूर करें। आगामी 15 अगस्त तक इसकी कार्ययोजना बनाई जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोविड-19 की परिस्थितियों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने अच्छा कार्य किया है, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आंगनवाड़ी के माध्यम से बच्चों को पोषण आहार देने का लक्ष्य पूर्ण करें। प्रदेश में शत-प्रतिशत आंगनवाड़ी केंद्र के भवन निर्माण का लक्ष्य है। अब प्रदेश में कहीं भी, किसी घर में आंगनवाड़ी केन्द्र संचालित नहीं होंगे। इन्हें अपने भवन मिलेंगे। सामुदायिक भवन अथवा अन्य रिक्त शासकीय भवन में इसकी व्यवस्था की जाए। समीक्षा बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री श्रीमती इमरती देवी, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस,अपर मुख्य सचिव मनोज श्रीवास्तव,



प्रमुख सचिव अशोक शाह उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने चिरायु अस्पताल से वीसी द्वारा निर्देश दिए कि कोविड-19 के संक्रमण काल में 53 हजार 668 स्व-सहायता समूहों द्वारा तीन वर्ष से छह वर्ष की आयु के सभी बच्चों को रेडी टू ईट पूरक पोषण आहार प्रदाय करने का कार्य सुचारू रूप से संचालित हो। लोकल फॉर वोकल के क्रियान्वयन के अंतर्गत रेडी टू ईट की व्यवस्था की गई है। इसी प्रावधान के अनुसार सभी पात्र हितग्राहियों को प्रत्येक 15 दिवस के अंतराल से टेक होम राशन प्रदाय की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गंभीरता से अपना दायित्व पूरा करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बच्चों का वजन लेकर उनके पोषण स्तर की निगरानी और टीकाकरण भी नियत स्थानों पर छोटे-छोटे समूहों में किया जा रहा है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लोगों के निवास जाकर कोरोना संक्रमण से बचाव का परामर्श भी प्रदान करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कोरोना संक्रमण काल में पलायन कर मध्यप्रदेश में आए परिवारों के पात्र हितग्राहियों को पूरक पोषण आहार प्रदाय की जानकारी भी प्राप्त की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा है कि महिला एवं बाल विकास विभाग त्रि-स्तरीय रणनीति तैयार कर कार्यों का संपादन सुनिश्चित करें। तत्काल किए जाने वाले कार्य, अल्पकालीन लक्ष्य और दीर्घकालीन लक्ष्य निर्धारित किए जाएं। तिमाही, छमाही और सालाना लक्ष्य बनाए जा सकते हैं। आंगनवाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण के लिए सूचना प्रौद्योगिकी आधारित पद्धति विकसित की जाए। इसे सिंगल सिटीजन डाटाबेस से भी जोड़ा जा सकता है। बेहतर मानीटरिंग सिस्टम होने से आंगनवाड़ी केन्द्रों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्रों की कमियाँ दूर कर उनकी उपयोगिता बढ़ाई जाए। केन्द्रों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके लिए हैण्डपम्प स्थापना और पाईप लाइन से जल प्रदाय की संभावना का अध्ययन कर व्यवस्था की जाए। जिन केन्द्रों में किचन शेड और शौचालय नहीं है, वहाँ इनकी व्यवस्था के लिए प्रयास हों। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत इन व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्वास्थ्य विभाग को भी आंगनवाड़ी केन्द्रों के बेहतर संचालन के लिए सक्रिय रहने को कहा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि नई शिक्षा नीति के संदर्भ में आंगनवाड़ी केन्द्र के स्तर तक प्रायमरी पूर्व शिक्षा की व्यवस्था एक चुनौती है, जिसे स्कूल शिक्षा विभाग के साथ समन्वय कर अच्छे परिणाम प्राप्त करने के उद्देश्य से प्रयास किए जाएं। समीक्षा बैठक में जानकारी दी गई कि आंगनवाड़ी केन्द्रों की छह महत्वपूर्ण सेवाओं में पूरक पोषण आहार, पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा, स्वास्थ्य जाँच, टीकाकरण, शाला पूर्व शिक्षा और संदर्भ सेवाएं शामिल हैं। केन्द्र के हितग्राहियों में छह माह से तीन वर्ष के बच्चे, तीन से छह वर्ष तक के बच्चे, 11 से 14 वर्ष की शालात्यागी किशोरी बालिकाएँ, गर्भवती माताएँ, धात्री माताएँ शामिल हैं। प्रदेश में 84 हजार 465 आंगनवाड़ी केन्द्र और 12 हजार 670 मिनी आंगनवाड़ी केन्द्र इस तरह कुल 97 हजार 135 आंगनवाड़ी केन्द्र संचालित हैं। केन्द्र और राज्य सरकार के 50-50 प्रतिशत के अंश से संचालित इन केन्द्रों को 3409 सेक्टर में विभाजित किया गया है।

# बिलासपुर की बेटी आकांक्षा गौतम ने अपनी शिक्षा से मछुआरों का किया उत्थान



**अभिषेक मिश्रा राज्य ब्यूरो प्रमुख हिमाचल प्रदेश**

वर्तमान युग में शिक्षा का ही सबसे ज्यादा महत्व है, और यदि यही शिक्षा रोजगारान्मुखी हो तो भविष्य के साथ साथ परिवार का भविष्य भी संवर जाता है। लेकिन शिक्षा के माध्यम से समाज का भी यदि उत्थान हो जाए तो पीढ़ियां संवर जाती हैं। एक ऐसा ही सपना लेकर निकल पड़ी है बिलासपुर की बेटी आकांक्षा गौतम, जिन्होंने कोरोना काल का भरपूर फायदा उठाकर न सिर्फ अपनी शिक्षा को सुचारू रखा बल्कि बिलासपुर जिले के अधिकांष मछुआरों को अपने साथ जोड़ कर उन्हें उन्ही के फील्ड की ऐसी लाभदायक योजनाओं से अवगत करवाया जिससे यहां के मछुआरे अनभिज्ञ थे। इस कारण आकांक्षा गौतम को दी गोविंद सागर फिशरमैन इंडिस्ट्रीयल कोपरेटिव सोसायटी के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। गुरू अंगद देव वैटनरी एंड एनिमल साईंस यूनिवर्सिटी में बैचुलर आफ फिशरीज साइंसिज संकाय की द्वितीय वर्ष की छात्रा का उद्देश्य मछुआरों को उत्थान की ओर ले जाना है। पीर लखदाता अखाड़ा पार्क में आयोजित सादे समारोह में आकांक्षा को प्रधान ने शाल व टोपी पहना कर सम्मानित किया। इस अवसर पर आकांक्षा गौतम ने बताया कि सरकार ने मछुआरा वर्ग के लिए कई लाभदायक योजनाएं चलाई है लेकिन जागरूकता के अभाव में यह योजनाएं पात्र लोगों तक नहीं पहुँच पातीं। उन्होंने कहा कि वे कैप्चर से कल्चर की अवधारणा लेकर मछुआरों को जागरूक कर रही हैं। इस कड़ी के तहत मछुआरे केवल बड़े जलाशय पर ही निर्भर न रहकर अपने छोटे-छोटे तालाबों को निर्माण कर अच्छी किस्म की मछली का उत्पादन 12 महीनों कर सकते हैं। क्योंकि उम्दा किस्म की मछली की डिमांड न सिर्फ भारत के राज्यों बल्कि विदेशो में भी हैं। उन्होने बताया कि गोविंद सागर झील के कैचमैंट एरिया के तहत आने वाली खड्डों और नालों को भी इसमें चैनलाइज कर रोजगार के साधन बनाए जा सकते हैं। क्योंकि मछली उत्पादन एक ऐसी क्राप है जिसकी सीडिंग के बाद देखरेख करने की कोई आवश्यकता नहीं होती। ऐसे अच्छी नस्ल, किस्म की मछली का उत्पादन मछुआरों की जागरूकता और सोच पर निर्भर करता है। आकांक्षा ने बताया कि पंजाब राज्य उतरी भारत में तेजी से फिशरीज उत्पादन में विकसित होने वाला राज्य बन रहा है। जबकि देश के अन्य राज्यों में यह कल्चर काफी मजबूत हैं। बिलासपुर में करीब अढ़ाई हजार परिवार गोविंद सागर जलाशय पर अपनी आजीविका चला रहे हैं। आफ सीजन में इन परिवारों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। हालांकि सरकार इस समय में उनकी आर्थिक मदद भी करती है लेकिन यदि कैप्चर टू कल्चर मछुआरे अपनाते है तो निष्चित तौर पर उनकी आर्थिकी में गुणात्मक सुधार होगा। वहीं सोसायटी के प्रधान रूप लाल राणा, उपाध्यक्ष मुनीर अख्तर लाली ने आकांक्षा गौतम का प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित करते हुए उपयोगी जानकारी और अमूल्य सहयोग के लिए धन्यवाद भी किया। इस अवसर आकांक्षा गौतम के पिता राजीव गौतम और माता शिप्रा गौतम, भाई अंतरिक्ष, बलकीश बानो, श्याम लाल राणा, राकेश कुमार, नीटू, अनीम अख्तर, किशोरी लाल, सनीम अख्तर, सुरैया, कुल्सुम, रोहित, शफी , बशीर मोहम्मद, शमीम मोहम्मद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## कंटेनमेंट क्षेत्रों में किया गया सैनिटाईजेषन

**सागर।** कोरोना पॉजिटिव प्रकरण मिलने के पश्चात प्रसन्न जैन के घर से गोदरे ऑप्टिकल्स तक, आलम मिठया के सामने, कटरा वार्ड, थाना कोतवाली, सुरेशचंद जैन के घर से दीप रोप स्टोर तक, नागेश्वर मंदिर, पुरानी गळा मंडी रोड़, कटरा वार्ड, थाना कोतवाली, साधना सलाहकारी के घर से अनिरुद्ध दुबे के घर तक, स्वतंत्रता संग्राम कॉलोनी, भूतेश्वर मंदिर के पास, संत रविदास कॉलोनी, थाना मोतीनगर सहित कई वार्डों को कंटेनमेंट क्षेत्र घोषित किया गया है। इसके पश्चात संपूर्ण क्षेत्रों में कीटनाशक दवा, सैनिटाइजर एवं पावडर का छिड़काव किया गया। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर श्री आरपी अहिरवार, नगर दण्डाधिकारी श्री पवन बारिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण्य भूरिया, नगर निगम उपायुक्त डॉ प्रणय कमल खरे मौजूद थे।

# नारी शक्ति द्वारा वृक्षारोपण के अभियान की शुरुआत की गई

**पाली नरेश कुमार सिरवी**/जिले में नारी शक्ति द्वारा वृक्षारोपण के जन अभियान की शुरुआत तेज गति के दौरान हो रही हैं/नेता प्रतिपक्ष नेता रानी पंचायत समिति रेखा परिहार द्वारा ग्राम पंचायत जवाली/के निमबली/नाड़ी पर आज वृक्षारोपण किया गया/नेता प्रतिपक्ष रानी पंचायत समिति रेखा परिहार द्वारा कोविड-19 के दौरान लॉकडाउन के प्रथम चरण से अब तक ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करके हर आमजन को सोशल डिस्टेंस के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव प्रेरित किए/नेता प्रतिपक्ष रेखा परिहार द्वारा वरिष्ठ भामाशाह द्वारा जरूरतमंद परिवार को आर्थिक सहायता भी दिलाई गई/वृक्षारोपण के आधारित नारी शक्ति द्वारा गरिमा में अनोखी शक्ति देखने को मिली/जिले में वार्षिक उत्सव से अब तक रेखा परिहार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर वृक्षारोपण किया जा रहा है/कोविड-19 के दौरान नरेगा श्रमिकों को नरेगा श्रमिक स्थल पर पहुंचकर श्रमिक को सोशल डिस्टेंस एवं सामाजिक दूरी नियमित रूप से मास्क का उपयोग के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिए/इस दौरान रेखा परिहार द्वारा बताया गया कि मानव जीवन को सुरक्षित एवं स्वस्थ रखने के लिए मेरी पहली प्राथमिकता के आधार पर मेरा एक संकल्प जिले को हरा भरा करने के लिए वृक्षारोपण की शुरुआत करना मेरे लिए सौभाग्य की बात थी/और उसके आधारित में इस संकल्प के साथ प्रतिदिन सार्वजनिक स्थानों पर ग्रामीणों के सहयोग द्वारा हर जगह वृक्षारोपण का कार्य शुरू करवाया जा रहा है/जिसमें आज ग्रामीण सुरेंद्र सिंह डिंपल कवर भवानी सिंह पूजा निरमा गोपाल सिंह मथुरा देवासी शांति मंजू मालवीय कमला सहित अनेक ग्रामीणों के उपस्थिति में आज वृक्षारोपण किया गया/वृक्षारोपण के साथ रेखा परिहार द्वारा बताया गया कि वृक्षारोपण करने से वृक्षों की सेवा नहीं होती/आम नागरिक एक वृक्ष गोद ले और उसकी सेवा करें/इस दौरान कोराना वायरस की भयंकर महामारी के चलते रेखा परिहार द्वारा आमजन को प्रतिदिन सुझाव के तौर पर बताया जा रहा है कि विश्वव्यापी महामारी का कोई बचाव नहीं/इसका मुख्य बचाव सामाजिक दूरी बनाए रखें/और परिवार द्वारा बताया गया कि सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना के अनुसार हम स्थानीय पुलिस प्रशासन का भी सहयोग करें और इनके महत्वपूर्ण सहयोग द्वारा आगामी समय में विश्वव्यापी महामारी के चलते महत्वपूर्ण माना जाएगा/और भारत को विश्व की महामारी में सर्वप्रथम कोराना मुक्त भारत से आजादी दिलाने के लिए हमें और भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना करनी होगी/तभी भारत विश्व की महामारी में विजय प्राप्त करेगा

# महावीर पौन ब्रोकर्स के दुकान के चोरो ने तोडे ताले

**चैन्नई पुष्पांजली टुडे**



तमिलनाडु पौन ब्रोकेर्स एंड जवैल्र्स एसोसिएशन की पट्टाभिराम इकाई के एक सम्मानीय सदस्य की दुकान÷महावीर पौन ब्रोकेर्स÷ के ताले चोरो ने तोड़ डाले।गनीमत रही कि चोर तिजोरी के ताले तोड़ने में सफल नही हुए।अगर ऐसा हो जाता तो एक व्यापारी की उम्र भर की खून पसीने से प्राप्त गाढ़ी कमाई कुछ क्षण में ही चोरो के जेब में चली जाती और ना जाने कितने परिवारों की जिंदगी अस्त व्यस्त हो जाती।घटना शनिवार रात की है।पट्टाभिराम कि घटना स्वर्ण आभूषण व्यवसाय से जुड़े सभी व्यापारियों के लिए खतरे की घंटी है।हम जितना जल्दी सतर्क होंगे यह हमारे लिए फायदेमंद है। प्रदेश के गिरवी और ज्वैलरी व्यापारियों के हित में कुछ दिशा निर्देश जारी किए जा रहे है। 1जो दुकाने रिहायशी क्षेत्रो से दूर सुनसान जगहों पर स्तिथ है उन दुकानों की सुरक्षा के लिए चौकीदार की नियुक्ति की जाए। 2 सभी व्यापारी अपनी दुकानों में जल्द से जल्द अलार्म यंत्र स्थापित करें। 3)ष्ह्ल1 कैमरों के ष्ठङ्कक्र अति सुरक्षित और गोपनीय स्थान पर स्थापित करें ताकि किसी को इस बात की भनक ना लगे। 3)दुकान की तिजोरी उच्च गुणवत्ता वाली हो।अगर किसी की दुकान में पुरानी और असुरक्षित किस्म की तिजोरी हो तो वह व्यापारी तुरंत तिजोरी बदल देवें। 4 दुकान के ताले मजबूत और उच्च गुणवत्ता के मापदंडों पर खरा उतरने वाले हो। 5 दुकान में स्थापित सीसी टीवी कैमरों को अपने मोबाइल से जुड़वा दे ताकि किसी भी समय किसी भी स्थान पर अपनी दुकान के पास और अंदर हो रही हलचल पर पैनी नज़र रखी जा सके। सोने के मूल्यों में अप्रत्याशित वृध्दि से असामाजिक तत्व सक्रीय हो चुके है इस कारण लूट-खसोट, चोरी डकैती,छीना झपटी आदि घटनाओं में बढ़ोतरी होगी।व्यापारी इन परिस्थितियों में स्वयं और दुकान की सुरक्षा के विशेष इंतजाम करें।

## वृक्ष लगाए जीवन बचाये



**पुष्पांजली टुडे**

रियासी / पर्यावरण गतिविधि रियासी द्वारा पौनी में पौधे लगाने का अभियान चलाया गया। जिसमे पीपल, बेल, आमला, बेहडा जामुन आदि के पौधे लगाए गए। इस कार्यक्रम मे डीएफओ ज्योतसना मुख्य अतिथि और रविंद्र ज़िला कार्यवाह रियासी विशेष अतिथि रहे। मौके पर ब्रह्मदत्त ज़िला संयोजक पर्यावरण गतिविधि रियासी,दलीप ज़िला सह संयोजक पर्यावरण गतिविधि रियासी,गोकुल शर्मा गौ सेवा गतिविधि प्रमुख रियासी, जुगल,जोगिंदर, राजिंदर, गोविन्द राम आदि उपस्थित रहे।

# कोरोना उपचार की व्यवस्थाओं में निरंतर बढ़ोत्तरी

## उज्जैन, भोपाल और इंदौर में अब रेपिड एंटीजन टेस्ट भी

**भोपाल।** अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान ने कहा कि कोरोना संक्रमण को रोकने और संक्रमित व्यक्तियों के समुचित उपचार के सभी प्रबंध किये जा रहे हैं। कोरोना सस्पेक्ट की समय पर पहचान, क्वारेंटाइन की व्यवस्था और समय पर टेस्टिंग की प्राथमिकताओं पर प्रदेश में कार्य हो रहा है। राज्य सरकार द्वारा कोरोना नियंत्रण एवं उपचार के लिये किये जा रहे इन प्रयासों में समाज को भी अहम् भूमिका निभाना होगी। प्रदेश में अब रेपिड एंटीजन टेस्ट प्रारंभ किये जा रहे हैं। अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य ने रविवार को समन्वय भवन में मीडिया प्रतिनिधियों से रू-ब-रू हो कर कोविड-19 के लिये प्रदेश स्तर पर चलाये जा रहे अभियान और राज्य शासन द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी दी। श्री सुलेमान ने कहा कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के संक्रमण को फैलने से रोकने का कारगर उपाय यही है कि सभी सावधानियाँ अपनाकर कोरोना की चेन को तोड़ा




जाए। लॉकडाउन स्थायी उपाय नहीं है। इससे अर्थव्यवस्था रूकने और लोगों की आजीविका बंद होने से अनेक समस्यायें पैदा होती हैं। बेहतर है कि आम-जन कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों रखें और गाइड लाइन का सख्ती से पालन करें। बिना जरूरी काम भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर न जाएं, घर से निकलते वक्त मास्क अवश्य लगायें। कोरोना नियंत्रण एवं उपचार की जानकारी देते हुए अपर मुख्य सचिव ने बताया कि प्रदेश में कोरोना संक्रमितों के इलाज के लिए स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में कई स्तरों पर सुधार किया गया है। इसमें टेस्टिंग केपेसिटी को 600 पर मिलियन से बढ़ाकर 9334 पर मिलीयन किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जिले में फीवर क्लीनिक, टेस्टिंग केपेसिटी बढ़ाना एवं क्वारेंटाइन सेंटर का संचालन प्राथमिकता से किया जा रहा है। साथ आई.आई.टी.टी. पर आधारित कार्यनीति में कोरोना संक्रमित व्यक्ति को आइडेंटीफाई, आईसोलेशन, टेस्ट और ट्रीट कर कोरोना नियंत्रण की दिशा में प्रभावी कार्य हो रहा है। मो.सुलेमान ने बताया कि कोरोना संक्रमण में मध्यप्रदेश बेहतर स्थिति में है। प्रारंभ में प्रदेश देश में तीसरे-चौथे स्थान पर था। अब एक्टिव केसेस, रिकवरी रेट के मामले में प्रदेश 15 वें स्थान पर आ गया है। फेटेलिटी दर में सुधार हुआ है। यह 10.3 प्रतिशत से घटकर 2.7 प्रतिशत हुई है। देश के एक्टिव केसेस की संख्या में प्रदेश का हिस्सा केवल 1.6 प्रतिशत है। एम्स के डायरेक्टर डॉ. सरमन सिंह ने बताया कि कोरोना ऐसे लोगों पर ज्यादा असर करता है, जिनकी प्रतिरोधक क्षमता कम हो अथवा जिनकों ह्रदय या फेफडों से संबंधित बीमारी हो। साथ ही कोरोना वायरस बच्चों और बुजुर्गों को भी जल्दी संक्रमित करता है। डॉ. सिंह ने बताया कि अर्ली स्टेज में कोरोना संक्रमण का इलाज आसानी से हो जाता है, जबकि एडवांस स्टेज में मरीज को बचाना मुश्किल होता है। अतः जैसे ही सर्दी, खांसी-जुकाम के लक्षण हों, तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लेना चाहिए। अर्ली स्टेज में मरीज को होम क्वारेंटाईन करके ही इलाज किया जा सकता है।

# इतिहास के आईने में रक्षाबंधन



राखी का त्यौहार कब शुरू हुआ, यह कोई नहीं जानता। लेकिन भविष्य पुराण में वर्णन मिलता है कि देव और दानवों में जब युद्ध शुरू हुआ तब दानव हावी होते नज़र आने लगे। भगवान इन्द्र घबरा कर बृहस्पति के पास गये। वहां बैठी इन्द्र की पत्नी इंद्राणी सब सुन रही थी। उन्होंने रेशम का धागा मन्त्रों की शक्ति से पवित्र करके अपने पति के हाथ पर बाँध दिया। संयोग से वह श्रावण पूर्णिमा का दिन था। लोगों का विश्वास है कि इन्द्र इस लड़ाई में इसी धागे की मन्त्र शक्ति से ही विजयी हुए थे। उसी दिन से श्रावण पूर्णिमा के दिन यह धागा बाँधने की प्रथा चली आ रही है। यह धागा धन, श क्त, हर्ष और विजय देने में पूरी तरह समर्थ माना जाता है। स्कन्ध पुराण, पद्मपुराण और श्रीमद्भागवत में वामनावतार नामक कथा में रक्षाबन्धन का प्रसंग मिलता है। कथा कुछ इस प्रकार है- दानवेन्द्र राजा बलि ने जब 100 यज्ञ पूर्ण कर स्वर्ग का राज्य छीनने का प्रयत्न किया तो इन्द्र आदि देवताओं ने भगवान विष्णु से प्रार्थना की। तब भगवान वामन अवतार लेकर ब्राह्मण का वेष धारण कर राजा बलि से भिक्षा माँगने पहुँचे। गुरु के मना करने पर भी बलि ने तीन पग भूमि दान कर दी। भगवान ने तीन पग में सारा आकाश पाताल और धरती नाप कर राजा बलि को रसातल में भेज दिया। इस प्रकार भगवान विष्णु द्वारा बलि राजा के अभिमान को चकनाचूर कर देने के कारण यह त्योहार बलेव नाम से भी प्रसिद्ध है।कहते हैं कि एक बार बाली रसातल में चला गया तब बलि ने अपनी भक्ति के बल से भगवान को रात-दिन अपने सामने रहने का वचन ले लिया। भगवान के घर न लौटने से परेशान लक्ष्मी जी को नारद जी ने एक उपाय बताया। उस उपाय का पालन करते हुए लक्ष्मी जी ने राजा बलि के पास जाकर उसे रक्षाबन्धन बांधकर अपना भाई बनाया और अपने पति भगवान बलि को अपने साथ ले आयीं। उस दिन श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि थी। विष्णु पुराण के एक प्रसंग में कहा गया है कि श्रावण की पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु ने हयग्रीव के रूप में अवतार लेकर वेदों को ब्रह्मा के लिये फिर से प्राप्त किया था। विष्णु के हयग्रीवावतार को विद्या और बुद्धि का प्रतीक माना जाता है। राजपूत जब लड़ाई पर जाते थे, तब महिलाएँ उनके माथे पर कुमकुम तिलक लगाने के साथ साथ हाथ में रेशमी धागा भी बाँधती थी। इस विश्वास के साथ कि यह धागा उन्हें विजयश्री के साथ वापस ले आयेगा। राखी के साथ एक और प्रसिद्ध कहानी जुड़ी हुई है। कहते हैं कि मेवाड़ की रानी कर्णवती को बहादुरशाह द्वारा मेवाड़ पर हमला करने की पूर्व सूचना मिली। रानी लड़ने में असमर्थ थी ,अतः उसने मुगल बादशाह हुमायूँ को राखी भेज कर रक्षा की याचना की। हुमायूँ ने मुसलमान होते हुए भी राखी की लाज रखी और मेवाड़ पहुँच कर बहादुरशाह के विरूद्ध मेवाड़ की ओर से लड़ते हुए कर्मावती व उसके राज्य की रक्षा की।एक अन्य प्रसंगानुसार सिकन्दर की पत्नी ने अपने पति के हिन्दू शत्रु पौरस को राखी बाँधकर अपना मुँहबोला भाई बनाया और युद्ध के समय सिकन्दर को न मारने का वचन लिया। पौरस ने युद्ध के दौरान हाथ में बँधी राखी और अपनी बहन को दिये हुए वचन का सम्मान करते हुए सिकन्दर को जीवन-दान दिया। महाभारत में भी इस बात का उल्लेख है कि जब ज्येष्ठ पाण्डव युधिष्ठिर ने भगवान कृष्ण से पूछा कि मैं सभी संकटों को कैसे पार कर सकता हूँ,तब भगवान कृष्ण ने उनकी तथा उनकी सेना की रक्षा के लिये राखी का त्योहार मनाने की सलाह दी थी। उनका कहना था कि राखी के इस रेशमी धागे में वह शक्ति है जिससे आप हर आपत्ति से मुक्ति पा सकते हैं। इस समय द्रौपदी द्वारा कृष्ण को तथा कुन्ती द्वारा अभिमन्यु को राखी बाँधने के कई उल्लेख मिलते हैं। महाभारत में ही रक्षाबन्धन से सम्बन्धित कृष्ण और द्रौपदी का एक और वृत्तान्त भी मिलता है। जब कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से शिशुपाल का वध किया तब उनकी तर्जनी में चोट आ गई। द्रौपदी ने उस समय अपनी साड़ी फाड़कर उनकी उँगली पर पट्टी बाँध दी। यह श्रावण मास की पूर्णिमा का दिन था। कृष्ण ने इस उपकार का बदला बाद में चीरहरण के समय उनकी साड़ी को बढ़ाकर चुकाया। कहते हैं परस्पर एक दूसरे की रक्षा और सहयोग की भावना रक्षाबन्धन के पर्व में यहीं से प्रारम्भ हुई। वस्तुतः रक्षाबंधन एक ऐसा अति पवित्र दिन माना जाता है,जिसका व्यापक रूप से न केवल आध्यात्मिक व सांस्कृतिक महत्व है,बल्कि सामाजिक महत्व भी है ।

## भाई बहन का प्यार

रेशम के धागे में समेटे
भाई बहन का प्यार,
पूरे एक बरस में आता
राखी का त्यौहार।
बाजारों में बिकती राखी
नहीं मोल कोई इस रिश्ते का
बहन का अहुदा मां समान है।
भाई का है फरिश्ते का,
कभी बनती बहुत आपस में
कभी होती है तकरार
पूरे एक बरस में आता
राखी का त्यौहार।
जब भाई सरहद पर होता
तो राखी चिट्ठी में जाती है,
कब जाओगे बहन से मिलने
यही सवाल उठाती है,
कैसे बताए भाई बहना को
पूरा भारत उसका परिवार
पूरे एक बरस में आता
राखी का त्यौहार।



**लेखक आकाशवाणी वरिष्ठ श्रोता छैलाराम मेघवाल मेलाणा**

## -: है रक्षाबंधन भाई बहन का प्यार :-

है। रक्षाबंधन भाई- बहन का प्यार,
खुशियाँ मिले बहनों को अपार।
है। रक्षाबंधन भाई -बहन का प्यार !

त्यौहार ये बहनों के इंतजार का है,
त्यौहार ये बहनों के संसार का है।
ये रक्षा की पूनम जब ज़ब आती है,
भैया संग बहना भी मुस्कुराती है।
बहना को मिले सपनों का संसार,
है रक्षाबंधन भाई बहन का प्यार !



सजी आज बहना, दहलीज से उत्तरी,
राखी बांधे बहना लगे है चाँद सी परी।
यूँ ही सुमधुर रहे त्यौहार ये सदाबहार,
है। कच्चे धागे और मोली का त्यौहार।
है। रक्षाबंधन भाई - बहन का प्यार !!

सजाके थाली बहना राखी रोली लावे,
और मिठाई ज़ब भैया को खिलावे।
लगाके तिलक मांगे भाई की सलामत,
बहना का मन हरख हरख हरसावे।
भाई के हाथों मिले बहना को उपहार
है रक्षाबंधन भाई -बहन का प्यार !!

कहीं भाइयों के, होती भी नहीं बहना,
वो किसे कहे बांधो राखी प्यारी बहना
बहन मिलना तो, है किस्मत की बात,
हो अच्छे नसीब तो मिले बहन का साथ
अटूट बना रहे ये भाई बहन का प्यार,
राखियो से भरे रहे युंही सभी बाजार
है रक्षाबंधन भाई - बहन का प्यार !!

**- भगवान सिंह चारण, डीडवाना (राजस्थान)**

## घर-घर में बैठा दुर्योधन ,तुम कब तक कृष्ण बुलाओगे ....

बन धृतराष्ट्र से बोलो कब तक ,घर की लाज मिटाओगे !!!
भारत मांगे फिर महाभारत ,
गदा ,भाल और गांडीव धारक...
कृष्ण के जैसा एक उपदेशक ,
अर्जुन-सा इक पाप विदारक!
नित्य नए रचने को षड्यंत्र ,
कितने शकुनी बुलवाओगे...
घर घर में बैठा दुर्योधन,
तुम कब तक विष्णु बुलाओगे!!



रूह भी कांपे उनकी जिनके ,
कर में अबला का चीर मिले....
दुर्योधन-सा दण्ड मिले ,
और दुस्शासन-सी पीर मिले !
न्याय तुम्हारे हाथों में है ,
कब करके दिखलाओगे ....
घर घर में बैठा दुर्योधन ,
तुम कब तक कृष्ण बुलाओगे !!

कर्म ढूंढ लेता है कारक ,
धर्म ढूंढ लेता है धारक ....
छिप जाओ तालों में कितने ,
मृत्यु ढूंढ लेती है मारक!
भीम के हिंसक प्रहारों से ,
कब तक तुम बचपाओगे ....
घर घर में बैठा दुर्योधन ,
तुम कब तक कृष्ण बुलाओगे!!

**नेहा सोनी**
**दतिया मप्र**

## राखी ------ मौलिक स्वरचित कविता

एक महिला के पति के ऑपरेशन के लिए किया था रक्तदान। वह बहन हर वर्ष भेजती है मेरी कलाई के लिए राखी। निर्धन परिवार की लड़की के विवाह में की थी आर्थिक सहायता। वह नई बेटी हमेशा भेजती है मुझे राखी का धागा। मेधावी छात्रा की उच्च शिक्षा के लिए भरी थी कॉलेज की फीस। वह बेटी बन कर जाती है मस्तक पर तिलक एवम् कलाई पर सजा देती है मंगल राखी। काम वाली बाई की बेटी को हर रविवार को पढ़ाता था अंगेजी एवम् गणित। बहन की भूमिका निभा कर बांध देती है स्नेह प्यार की राखी। गांव के स्कूल में पोषाहार बनाने वाली सेविकाओं को नवरात्रि पर दी थी साड़ी। घर आकर बांध जाती हैं मुझे शगुन की राखी। चारभुजा नाथ मंदिर की सेविका को अपने जन्म दिन पर दी थी साड़ी। वह दीदी का रिश्ता मानकर बांधती हैं नियम से राखी। इन निर्मल निस्वार्थ पवित्र भोले सरल रिश्तों को क्या दूं नाम। भीगी पलकों से स्वीकार करता हूं जिनका प्यार जो भर जाती हैं अपनी राखी से मेरी कलाई।



**दिलीप भाटिया**
**सेवानिवृत्त परमाणु वैज्ञानिक रावतभाटा राजस्थान मोबाइल फोन नंबर 9461591498**

## हर रिश्ते में दोस्ती

हमारी छोटी सी जिंदगी बहुत सारे लोगों से सजी है।
जिनमें से कुछ लोग बहुत खास होते हैं, जिन्हें हम अपना दोस्त कहते हैं।
दोस्ती का रिश्ता बहुत अहम होता है हम जब भी स्कूल, कॉलेज या वर्किंग प्लेस की बात करते हैं तो साथ में बात होती है उन दोस्तों की जो हमें संबंधित जगह पर मिले,और जिनके साथ उठना-बैठना और बातें करना हमें बहुत पसंद है। हम हर जगह दोस्त बनाते हैं हमें हर परिस्थिति में अपने दोस्तों की जरूरत पड़ती है फिर चाहे वो खुशी का आलम हो या गम का। खुद ही सोचिए चाहे नौकरी मिलने की खुशी हो या ब्रेकअप होने का ग़म आपने अपने दोस्त के साथ ही सांझा किया है। वैसे,देखा जाये तो दुनिया का सबसे खूबसूरत रिश्ता दोस्ती का ही होता है, क्योंकि हर रिश्ते में दोस्ती मौजूद हैं, फिर चाहे वो मां-बेटी का रिश्ता हो, भाई-बहन का रिश्ता हो या पति-पत्नी का या अन्य रिश्ते। यहां दोस्ती अपनेपन की भावना का विकास करती है और रिश्तों को शिद्दत से निभाने का जज़्बा भी हमारे अंदर लाती है।



**अंकिता जैन अवनी**
**लेखिका/कवयित्री**
**अशोकनगर मप्र**

## शीर्षक रक्षाबंधन

भाई बहन का रिश्ता पावन।
रक्षाबंधन त्यौहार मनभावन।।
बहन बांधे राखी हाथ में।
रहती हमेशा वो साथ में।।
प्यारा - प्यारा है त्यौहार।
भाई देता है उपहार।।
प्रेम का धागा स्नेह की डोर।
जाती बहनें पीहर कि ओर।।
सब बहने राखी बांधे।
तिलक कर मिष्ठान खिलावे।।
लक्ष्मी जी ने बांधा धागा।
बली से था विष्णु को मांगा।।
प्रारंभ हुआ तब से रक्षाबंधन।
करते सभी इसका अभिनंदन।।
भाई बहन का रिश्ता पावन।
रक्षाबंधन त्यौहार मनभावन।।





**कवि/लेखक - पंडित नितिन त्रिगुणायत**
**÷वरी÷**
**पता - शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश**

## मित्रता

मित्रता का शाब्दिक अर्थ होता है मित्र होना।मित्र होने का अर्थ यह नहीं होता है कि वे साथ रहते हो, वे एक जैसा काम करते हों। मित्रता का अर्थ होता है जब एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति का शुभचिंतक हो अथार्त परस्पर एक-दूसरे के हित की कामना तथा एक-दूसरे के सुख, उन्नति और समृद्धि के लिए प्रयत्नशील होना ही मित्रता है।मित्रता का असली मतलब जब एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति का शुभचिंतक हो अथार्त परस्पर एक-दूसरे के हित की कामना तथा एक-दूसरे के सुख, उन्नति और समृद्धि के लिए प्रयत्नशील होना ही मित्रता है। मित्र वह साथी होता है जिसे हम अपने सभी रहस्यों, संकटों और सुखों के साथी बनाते हैं। जिससे हम प्रवृत्तियों और आदतों से भिन्न होने पर भी प्यार करते हैं और उसे चाहते हैं। दोस्ती से एक मनुष्य को एक अच्छा दोस्त बनने, अच्छे वफादार दोस्त बनाने और आपकी दोस्ती को मजबूत रखने में मदद मिलती है । मित्रता एक ऐसा रिश्ता होता है जिसे किसी अन्य रिश्ते से नहीं तोला जा सकता है, अन्य रिश्तों में हम शिष्टाचार की भावना से जुड़े होते हैं लेकिन मित्रता में हम खुले दिल से जीवन व्यतीत करते हैं। इसी वजह से मित्र को अभिन्न ह्रदय भी कहा जाता है।



भारतीय परंपरा में हमेशा से हर चीज़ का एक अलग ही महत्व रहा है। भारतीय परंपरा में द्वापर युग में कृष्ण-सुदामा की मित्रता की एक अदभुद मिसाल दी जाती है, जिसे हर कोई नहीं भूलता है ।इस संसार में जीवन में माता- पिता और गुरू के बाद मित्र को स्थान दिया गया है। श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता को इतनी शोहरत क्यों मिली,क्युकी उन्होंने मित्रता को तहे दिल से समझा।श्रीकृष्ण और सुदामा का प्रेम यानी सच्ची मित्रता ही थी, कि श्रीकृष्ण ने सुदामा को अपने से भी ज्यादा धनवान बना दिया था। दोस्ती के इसी नेक इरादे की लोग आज भी मिसाल देते हैं।आज का युग अपनी भारतीय परंपरा अपने संस्कार सब भूल चूका है आज लोग दोस्ती भी मतलब से करते है,जहाँ मतलब ख़त्म हुवा, वहाँ लोग एक दूसरे का गला काटने में एक बार भी नहीं सोचते है। आज के युग के लोग फ्रेंडशिप बैंड बांध कर फ्रेंडशिप डे मनाते है, पर वो लोग असली दोस्ती का मतलब नहीं जानते है, बस अपना काम करते है और लोग एक दूसरे का बुरा करते है,उनकी निंदा करते है। ऐसा ही चलता रहा तो आने वाले समय में लोगों को मित्रता से भरोसा ही ख़त्म हो जायेगा। चलो सोचो ऐसा क्या करे की मित्रता दिल में बनी रहे ना कि फ्रेंडशिप बैंड बन कर गल जाए।



**सिलिस्ती करुरिया**
**अजमेर(राजस्थान)**

## *कोरोना काल में रक्षाबंधन का स्वरूप*



न हथेली में मेहंदी
न माथे पे बिंदिया
न हाथों में चूड़ियां
न उल्लास न उमंग
न कोई मिठाई
न कोई तोहफा
कैसे सजाऊँ थाल
राखी का
मुंह पर मास्क
घर से निकलना हुआ
दुश्वार
जिसने बढ़ाई दूरियां
कैसे मिलें बहनें भाईयों से
या भाई बहनों से
लगा ऐसा पहरा
कोरोना का
हुआ रंग फीका रक्षाबंधन का
हर साल हफ्ता भर पहले से
हो जाती थी तैयारी शुरू
नया सूट सिलवाना
उसके साथ की मैचिंग चूड़ियां
कानों के बूंदे
गले का हार
हाथों में मेहंदी
भाई के लिए राखी, मिठाई, तोहफा
इस बरस हुआ कुछ भी न ऐसा
बस पसरा है कोरोना
जिसने बांधे हुए हैं हाथ
और कदम कुछ भी करने को
कहीं जाने को
साल में जिस त्योहार का हर बहन भाई को रहता सबसे ज़्यादा इंतज़ार यूँ बदल ही गया स्वरूप इसका कोरोना काल में।।

**.... *मीनाक्षी सुकुमारन***
**नोएडा**

## निजीकरण से बचाव के लिए रेल को राखी

वतन की सुरक्षा के लिए
सैनिकों को राखी।
बहनों के सुरक्षा के लिए
भाइयों को राखी।
पर्यावरण सुरक्षा के लिए
पेड़-पौधों को राखी।
पूंजीवाद से बचने के लिए
समाजवाद को राखी।
संप्रदायिकता से बचने के लिए
सहिष्णुता को राखी।
व्यक्तिवाद से बचने के लिए
सामूहिकता को राखी।
कट्टरवाद से बचने के लिए
उदारवाद को राखी।
हक अधिकार सुरक्षा के लिए
संविधान को राखी।
लोकतंत्र के सुरक्षा के लिए
जनता को राखी।
बीमारियों से सुरक्षा के लिए
चिकित्सकों को राखी।
ज्ञान विज्ञान पढ़ाने के लिए
शिक्षकों को राखी।
देशवासियों को खिलाने के लिए
किसान को राखी।
अंधविश्वास से बचाव के लिए
विज्ञान को राखी।
निजीकरण से बचाव के लिए
रेल सेवा को राखी।
सेवा भाव को बढ़ाने के लिए
जनसेवा को राखी।
देश की पहचान बनने के लिए
गौतम गांधी को राखी।



**गोपेंद्र कु सिन्हा गौतम**
**सामाजिक और राजनीतिक चिंतक**
**औरंगाबाद बिहार**
**9507341433**
**स्वरचित मौलिक रचना**
**उ0 गोपेंद्र कु सिन्हा**

## दोस्त

काश वो बीते पल मिल जाते,
जो गुम हो गए है अफवाहो की भीड़ मे,
वो सच्चे यार पुराने,फिर मिल जाते,
बस दिखावे के लिए साथ है जो,
वो काश,सच मे साथ हमारे चलते,
फारमेलटी के लिए मुस्कुरा देते तो है अक्सर सभी,
काश वो सारे दोस्त फिर मिल कर साथ हंसते,
बैठते साथ मिलकर फिर कही जाने की प्लानिंग करते,
धुम मचाते मस्ती मजाक करते,
काश....
समझने और समाझाने की बातो मे,
न हम हारते न हम जीतते,
बस काश दोस्ती हमारी जीत जाती,
हम यूं न रूठे रहते एक-दूसरे से,
बाते भी चुभती न एक-दूसरे की हमे,
काश फिर वो बीते पल मिल जाते,
वो सच्चे यार पुराने जो खो गए है,
अपनी ही शान मे,
काश...वो दोस्त सच्चे फिर मिल जाते।
काश......वो रूठे यार हमे फिर मिल जाते।



**-साक्षी देवांगन**
**मनेन्द्रगढ़ कोरिया (छ.ग)**

# भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन

भारतीय संस्कृति में पर्वों का प्राचीनकाल से विशेष महत्व रहा है। प्रत्येक त्यौहार के साथ धार्मिक मान्यताओं, सामाजिक एवं ऐतिहासिक घटनाओं का संयोग प्रदर्शित होता है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी अपना संदेश आम जनता तक पहुँचाने के लिये त्यौहारों एवं मेलों का मंच के रूप में उपयोग होता था। हम चर्चा कर रहे हैं ऐसे ही पर्व रक्षाबंधन की। रक्षाबंधन भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति का प्रमुख त्यौहार माना जाता है जो श्रावण मास पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन बहन अपनी रक्षा के लिये भाई को राखी बांधती है। यह पर्व मात्र रक्षा का संदेश नहीं देता, अपितु प्रेम, समर्पण, निष्ठा व संकल्प के द्वारा हृदयों को भी बांधने का वचन देता है। भगवान श्री कृष्ण ने गीता में कहा है 卐 मयि सर्व मिदंप्रोक्तं सूत्रे मणिगणाइव卐 अर्थात सूत्र अविच्छन्नता का प्रतीक है क्योंकि सूत्र/धागे बिखरे हुए हैं मोतियों को अपने में पिरोकर एक माला में एकाकार बनाता है। माला के सूत्र की तरह रक्षासूत्र भी लोगों को जोड़ता है। पुराणों में रक्षाबंधन का उल्लेख मिलता है। रक्षा हेतु इन्द्राणी ने इन्द्र सहित देवताओं की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा और इन्द्र ने राक्षसों से युद्ध में विजय पायी। एक कथा के अनुसार राजा बलि को दिये वचन अनुसार भगवान विष्णु बैकुंठ छोड़कर बलि के राज्य की रक्षा के लिये चले गये।





तब देवी लक्ष्मी ने ब्राह्मणी का रूप धर श्रावण पूर्णिमा के दिन राजा बलि की कलाई पर पवित्र धागा बांधा, उनके कहने पर बलि ने भगवान विष्णु से बैकुंठ लौटने की विनती की। रावण की बहन शूर्पणखा लक्ष्मण के द्वारा नाक काटने के पश्चात रावण के पास पहुंची और खून से मैली साड़ी का एक छोर रावण की कलाई में बांध दिया और कहा भैया जब-जब तुम अपनी कलाई को देखोगे तुम्हारी अपनी बहन का अपमान याद आयेगा और मेरी नाक काटने बालों से तुम बदला ले सकोगे। भगवान श्री कृष्ण के हाथ में चोट लगने पर एक बार द्रौपदी ने अपनी चुनरी का किनारा फाड़ कर घाव पर बांध दिया था। दुशासन द्वारा द्रौपदी का चीरहरण प्रयास इसी बंधन के प्रभाव से असफल हुआ। श्री कृष्ण ने द्रौपदी की रक्षा की। युधिष्ठिर ने एक बार श्रीकृष्ण से पूछा कि वह महाभारत के युद्ध में कैसे बचेंगे , जवाब में श्री कृष्ण ने कहा राखी का धागा ही तुम्हारी रक्षा करेगा। सिकन्दर व पोरस के युद्ध के पूर्व रक्षा सूत्र का आदान प्रदान हुआ था। दोनों ने रक्षा सूत्र की मर्यादा का पालन किया था। मुगल काल में मुगल सम्राट हुमायूँ चित्तौड़गढ़ पर आक्रमण करने बढ़ा तो राणा सांगा की विधवा कर्मवती ने हुमायूँ को राखी भेजकर अपनी रक्षा का वचन लिया। हुमायूँ ने इसे स्वीकार करके चित्तौड़ पर आक्रमण का विचार मन से निकाल दिया और आगे राखी का वायदा निभाने के लिये चित्तौड़ की रक्षा हेतु गुजरात के बादशाह से भी युद्ध किया। स्वाधीनता आन्दोलन में भी बहनों ने अपने भाइयों को राखी बांधकर देश को आजाद कराने का वचन लिया। सन 1905 में बंग-भंग आन्दोलन का शुभारंभ एक-दूसरे को रक्षा सूत्र बांधकर हुआ। आजादी के आन्दोलन की एक घटना चन्द्रशेखर आजाद से जुड़ी हुई है। आजाद एक तूफानी रात शरण लेने एक विधवा के घर पहुंचे। पहले तो उसने उन्हें डाकू समझकर शरण देने से मना कर दिया। बाद में यह पता चलने पर कि वह क्रांतिकारी आजाद है तो ससम्मान उन्हें घर के अंदर ले गई। बातचीत के दौरान आजाद को पता चला कि उस विधवा को गरीबी के कारण जबान बेटी की शादी हेतु काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।। यह जानकर आजाद को वहुत दुख हुआ। उन्होंने विधवा को प्रस्ताव दिया कि मेरी गिरफ्तारी पर पाँच हजार रुपये का इनाम है, तुम मुझे अंग्रेजों को पकड़वा दो और उस इनाम से बेटी की शादी कर देना, यह सुनकर विधवा रो पड़ी व कहा भैया तुम देश की आजादी हेतु अपनी जान हथेली पर रखकर चल रहे हो और न जाने कितनी बहू-बेटियों की इज्ज़त तुम्हारे भरोसे है, मैं हरगिज ऐसा नहीं कर सकती। यह कहते हुए उसने एक रक्षा सूत्र आजाद के हाथ पर बांधकर देश सेवा का वचन लिया। सुबह जब विधवा की आँख खुली तो आजाद जा चुके थे और तकिये के नीचे पाँच हजार रुपये रखे हुए थे, साथ ही उसके साथ एक पर्चा रखा था जिस पर लिखा था कि अपनी प्यारी बहन हेतु एक छोटी सी भेंट -आजाद। भारत में रक्षाबंधन का त्यौहार अलग अलग तरीकों से अपनी मान्यता अनुसार मनाया जाता है। मुंबई के समुद्री क्षेत्रों में नारियल पूर्णिमा या कोकोनट फुलमून के नाम से मनाया जाता है। उत्तराखंड के चम्पावत जिले के देवीधूरा में राखी पर्व पर बाराहीदेवी को प्रसन्न करने के लिये पाषाणकाल से ही पत्थर युद्ध का आयोजन किया जाता है। इस युद्ध में आज तक कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। जैन धर्म में रक्षाबंधन पर्व का विशेष महत्व है। प्राचीन काल में मुनि अकम्पनाचार्य आदि 700 मुनियों पर असुरों द्वारा हस्तिनापुर में उपसर्ग किया। सभी मुनियों को बंदी बनाकर बलि देने का निर्णय लिया। मुनि विष्णु कुमार को इसका पता चला तो उन्होंने अपनी वैक्रिया सिद्धि के द्वारा असुर शक्तियों को निर्बल किया तथा 700 मुनियों की अकम्पनाचार्य सहित रक्षा की। मुनियों की रक्षा की स्मृति में यह रक्षाबंधन पर्व मनाया जाता है। रक्षाबंधन के दिन जैन मंदिरों में 700 मुनियों की रक्षाबंधन पूजन करते है तथा इस अवसर पर धर्म और संस्कृति की रक्षा के प्रतीक रक्षासूत्र बांधते हैं। रक्षाबंधन पर्व की एक रोचक घटना हरियाणा के फतेहपुर गाँव की है। फतेहपुर में सन 1857 में एक युवक गिरधरलाल को रक्षाबंधन के दिन अंग्रेजों ने तोप से बांधकर उड़ा दिया। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने गिरधरलाल को शहीद का सम्मान देकर रक्षाबंधन पर्व मनाना बंद कर दिया। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सन 2006 में इस गाँव के लोगों ने रक्षाबंधन पर्व पुनः मनाने का संकल्प लिया। रक्षाबंधन पर्व का भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व है। यह पर्व हमारे सामाजिक परिवेश एवं मानवीय मूल्यों का अभिन्न अंग है। आज आवश्यकता है आडंबर के बजाय इस त्यौहार के पीछे छुपे हुए संस्कारों और नैतिक मूल्यों का सम्मान किया जाना चाहिए तभी व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र का कल्याण संभव होगा।

## रेशम की धागे की ताकत



रेशमा अपने काम के बल पर परिवार से लेकर ससुराल तक एक मात्र लाडली बेटी बनकर सदा से रहती आई जिसे हर जगह का प्यार मिला। शादी के बाद परिवार से विदा होकर जब ससुराल आई तो कुछ दिन तक उसे अपने परिवार की याद आती रही पर सास, ननद एवं पति का प्यार पाकर सबकुछ भूल गई। हर पर्व पर मायके से आई सौगात उसे कभी परिवार से दूर होने का आभास ही नहीं होने दिया। हर रक्षाबंधन पर उसका मुंहबोला भाई राकेश घर से काफी दूर रहते हुये भी आ जाया करता पर इस बार जब से कोरोना का भय हर जगह समाया हुआ है , रेशमा कुछ ज्यादा हीं चितिंत दिखाई देने लगी है। इस बार का रक्षाबंधन का त्यौहार कोरोना के दौरान गुजरे हर पर्व की तरह फीका न हो जाय, इसका भय रेशमा के मन में समाया हुआ है। पर लॉकडाउन खुलने के बाद रेशमा को किसी भी तरह भाई के आने की उम्मीद जगी हुई है। उसे धागे की ताकत पर पूरा भरोसा है। उसे याद है युद्ध के दौरान आने जाने पर रोक लगने के वावयूद भी राकेश रेशमा से राखी बंधवाने सारी सीमाएं लांघकर पहुंच गया था जबकि डाक द्वारा राखी वह भेज चुकी थी। इस बार भी राकेश रक्षाबंधन पर निश्चित तौर पर समय से पहुंच जायेगा , यह विश्वास उसके मन में बना रहा पर जब से उसके तवियत खराब होने एवं कोरोना जांच में पोजेटिब पाये जाने की खबर मिली तब से वह ज्यादा चिंतित होने लगी। इस बार रक्षाबंधन पर्व पर राकेश का आ पाना कहीं से भी संभव नहीं दिखाई दे रहा था। उसने बेमन से राखी बाजार से मंगवाई एवं जैसे ही डाक द्वारा भेजने की तैयारी करने लगी , अचानक मोबाइल बज उठा। मोबाइल पर राकेश का नाम देखते हीं एक बार डर गई पर जैसे ही राकेश की मधुर आवाज में सुसंवाद सुनाई दिया कि 卐 बहना, मैं अब बिल्कुल ठीक हूं, कोरोना पोजेटिव होने की रिर्पोट गलत साबित हो गई। दुबारा की गई जांच निगेटिव पाई गई । रक्षाबंधन पर आ रहा हूं। 卐 सुनते हीं रेशमा के चेहरे पर फिर से खुशी लौट आई। उसे धागे की ताकत का अहसास हो गया। वह दौडकर पहले माता के मंदिर में गई फिर सासू मां के चरण स्पर्ष कर रक्षाबंधन पर राकेश के आने की खबर से सभी को अवगत कराया।

## रक्षा बंधन का त्योहार-

किसी ने क्या खूब कहा है कि रिश्ते बनाना ऐसा है जैसे मिट्टी पर मिट्टी से मिट्टी लिखना, पर रिश्ते निभाना ऐसा है जैसे पानी पर पानी से पानी लिखना। रिश्तों के मामले में हम बिल गेट्स और लक्ष्मी मित्तल जितने अमीर है। पाश्चात्य देशों में तो सिर्फ अंकल-आंटी जिंदा हैं बाकी सब रिश्ते मर गए लेकिन भारत में एक-एक आदमी सैकड़ों रिश्ते निभाता है। सैकड़ों रिश्ते निभाते हुए उसने प्रभु से एक और रिश्ता बनाया-त्वमेव माता च पिता - त्वमेव माता च पिता त्वमेव। तमाम रिश्तों के मध्य एक रिश्ता भाई-बहन का बड़ा पवित्र रिश्ता है। यह रिश्ता बनाया नहीं जाता बल्कि बना हुआ आता है। बाकी सभी रिश्ते खानदान के होते हैं, मगर यही एक रिश्ता होता है जो खून का होता है और खून का रिश्ता नाखून जैसा होता है। नाखून को चाहकर भी चमड़ी से अलग नहीं किया जा सकता है। ठीक इसी तरह भाई बहन के प्यार को एक दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता है। जैन और हिन्दू धर्म की साझा संस्कृति का इतिहास रहा है। जिस तरह हिन्दू धर्म में रक्षाबंधन के त्योहार को मनाने को लेकर पुराणों में भिन्न भिन्न कथाएं मिलती है उसी तरह जैन धर्म में भी रक्षाबंधन को मनाने के पीछे एक अलग ही मान्यता है। जैन समुदाय की मान्यताओं में रक्षाबंधन की कथा कुछ अलग है। यह कथा एक मुनि द्वारा 700 मुनियों की रक्षा करने पर आधारित है। यह कहानी ही रक्षाबंधन के त्योहार का आधार है। इस कथा के अनुसार हस्तिनापुर के राजा महापद्म ने अपने बड़े पुत्र पद्मराज को राजभार सौंप वैराग्य धारण किया। उनके साथ उनका छोटा पुत्र विष्णुकुमार भी अपने पिता के साथ अविनाशी मोक्ष की प्राप्ति के मार्ग पर चल दिए। उधर उज्जयिनी नगरी के राजा श्रीवर्मा के मंत्री बलि नमुचि, बृहस्पति और प्रहलाद थे। चारों जैन धर्म के कट्टर विपक्षी थे। एक बार यहां अकंपनाचार्य मुनि अपने 700 शिष्यों के साथ पधारे। नगर के बाहर उद्यान में वे ठहरे। आचार्य को जब ज्ञात हुआ कि राजा के चारों मंत्री अभिमानी है और जैन धर्म के विरोधी हैं। आचार्य ने शिष्यों को बुलाकर आज्ञा दी कि जब राजा और मंत्री यहां आएं तो मौन धारण करके ध्यानमग्न बैठे। इसके द्वेषवश विसंवाद नहीं होगा और विवाद उत्पन्न नहीं हो सकेगा। गुरु की आज्ञा के पालन की हामी सभी ने भर दी। इस समय श्रुतसागर नामक मुनि मौजूद नहीं थे। इस कारण उन्हें इसका पता नहीं चला। जब राजा मंत्रियोंसहित वन में मुनि के दर्शनों को पधारे तो मुनि संघ मौन था। इसे देख एक मंत्री ने कहा देखिए राजा ये मुनि नहीं बोल रहे हैं क्योंकि इनमें किसी प्रकार की विद्या नहीं है। इसके बाद मंत्रियों ने मुनियों की घोर निंदा की। इस समय श्रुतसागर मुनि नगर से लौट रहे थे। उन्होंने जब यह बात सुनी तो मंत्रियों से शास्त्रार्थ करने को कहा। शास्त्रार्थ में मंत्री बुरी तरह पराजित हुए और मुनि के तर्कों के आगे राजा नतमस्तक हो गए। मंत्री इसे अपमान समझ उस समय तो वहां से चले गए। इधर श्रुतसागर मुनि ने आकर गुरु को सारा वृत्तांत सुनाया तब आचार्य ने उन्हें जंगल में उसी स्थान पर जाकर तप करने को कहा जहां उन्होंने शास्त्रार्थ किया था ताकि संघ के अन्य लोगों पर उपसर्ग नहीं आए। यह तो निश्चित था कि मंत्री अपमान से कुपित हो उपसर्ग करेंगे। ऐसा ही हुआ। ध्यानमग्न मुनि श्रुतसागर पर मंत्रियों ने मौका पाकर हमला किया। उन्होंने जैसे ही तलवार उठाई वनदेव ने आकर उन्हें जड़ कर दिया। जब इस बात की खबर राजा को लगी तो उन्होंने मंत्रियों को देश निकाला दे दिया। अब चारों मंत्री वहां से निकल हस्तिनापुर पहुंचे। उन्होंने वहां के राजा पद्मराय से नौकरी मांगी। राजा ने उन्हें योग्य पदों पर आसीन किया। बलि नामक मंत्री ने पद्मराय का विश्वास हासिल करने के लिए कूटनीति और छल से एक विद्रोही राजा को उसके अधीन करा दिया। अब क्या था पद्मराय ने खुश हो उससे वर मांगने को कहा। उसने कहा- राजन? वक्त आने पर मांग लूंगा। कुछ समय पश्चात अकंपनाचार्य मुनि ससंघ हस्तिनापुर पधारे। राजा पद्मराय अनन्य जैन भक्त थे। बलि को जब इसकी जानकारी मिली तो उसके अंदर बदले की भावना बलवती हो गई। उसने राजा से अपना वर मांगा और कहा कि राजन? मुझे सात दिन के लिए राजा बना दीजिए। राजा ने उसे वर दे दिया और राजपाट देकर निश्चिंत हो महल में चले गए। इधर बलि ने अपनी चालें चलना शुरू की। उसने आचार्यसहित 700 मुनियों के संघ पर उपसर्ग करना प्रारभ किया, जिस स्थल पर मुनि संघ ठहरा था वहां चारों ओर कांटेदार बागड़ बंधवा कर उसे नरमेध यज्ञ का नाम दे वहां जानवरों के रोम, हड्डी, मांस, चमड़ा आदि होम में डालकर यज्ञ किया। इससे मुनियों को फैली दुर्गंध और दूषित वायु से परेशानी होने लगी। उन्होंने अन्न-जल त्याग कर समाधि ग्रहण की। मुनियों के गले रुंधने लगे, आंखों में पानी आने लगा और उनके लिए सांस लेना भी मुश्किल हो गया। उनकी इस विपत्ति को देख नगरवासियों ने भी अन्न-जल त्याग दिया। उधर मिथिलापुर नगर के वन में विराजित सागरचंद्र नामक आचार्य ने अवधि ज्ञान से मुनियों पर हो रहे इस उपसर्ग को जान अपने शिष्य पुष्पदंत को कहा तुम आकाशगामी हो जाओ और धरणीभूषण पर्वत पर विष्णुकुमार मुनि से इस उपसर्ग को दूर करने का विनय करो वे विक्रिया ऋद्धि प्राप्त कर चुके हैं। क्षुल्लक पुष्पदंत गुरु की आज्ञा पाकर पर्वत पर पहुंचे और मुनियों की रक्षा का अनुरोध किया। विष्णुकुमार मुनि अविलंब हस्तिनापुर आए। उन्होंने पद्मराय को धिक्कारा कि तुम्हारे राज्य में ऐसा अनर्थ क्यों हो रहा है तब राजा ने उन्हें पूरा वृत्तांत सुनाया जिसे जान मुनि 52 अंगुल का शरीर बना ब्राह्मण का वेश धारण कर बलि के पास गए। बलि ने उनका आदर-सत्कार किया और उनसे सेवा का मौका देने को कहा। इस पर ब्राह्मण वेशधारी मुनि ने उनसे तीन डग जमीन मांगी। मुनि ने अपनी ऋद्धि का प्रयोग करते हुए शरीर बड़ा किया और जमीन नापना शुरू किया। पहले डग में सुमेरू पर्वत और दूसरे को मानुषोत्तर पर्वत पर रखा। जब तीसरे डग के लिए जमीन नहीं बची तो उन्होंने बलि से कहा अब क्या करूं तो बलि ने कहा अब मेरे पास जमीन तो नहीं है आप मेरी पीठ पर डग रख लीजिए। मुनि ने तीसरा डग बलि की पीठ पर रखा तो बलि कांपने लगा। देव व असुरों के आसन कंपायमान हो गए।





इंग्लैड में गर्मी से राहत पाने समुद्र तट पर पहुंचे लोग।

# दक्षिण कोरिया में लोगों ने वॉशिंग मशीन में धोकर ओवन में जला दिए खरबों रुपए

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में लोगों ने कोरोना से बचने के लिए खरबों डॉलर के नोट और सिक्के वॉशिंग मशीन में धोकर खराब कर दिए। कई लोगों ने नोटों की गड्डी ही अवन में डाल दी। इससे नोट काफी जल गए। अब दक्षिण कोरिया के रिजर्व बैंक को इन खरबों डॉलर के नोटों से जूझना पड़ रहा है। मीजिया खबरों के मुताबिक यहां 2.25 ट्रिल ?यन डॉलर मूल ?य के नोटों और सिक ?कों को लोगों ने जला दिया। जानकारी के मुताबिक सियोल के पास अंसन शहर के रहने वाले एक व्यक्ति ने कोरोना संक्रमण के डर से अपने करीब 14 लाख रुपए वॉशिंग मशीन में डाले, जिसके बाद उन्हें सुखाने के लिए उसने उन्हें ओवन में डाला, जिससे काफी नोट जल गए। व्यक्ति के नोटों को डिसइंफेक्टेड करने के तरीके को देखकर सब हैरान हैं। व्यक्ति की पहचान केवल परिवार के नाम ईओएम से हुई है।बैंक के अधिकारियों ने गोपनीयता कानून के कारण कोई और व्यक्तिगत जानकारी नहीं दी। फिलहाल युवक का पैसे को डिसइंफेक्टेड करने तरीका चर्चा का विषय बना हुआ है। दक्षिण कोरिया के रिजर्व बैंक कहे जाने वाले बैंक ऑफ कोरिया ने कहा कि? पिछले छह महीने में वर्ष 2019 की अपेक्षा लोगों ने 3 गुना ज ?यादा जले हुए नोट बदले हैं। बैंक ने कहा कि इस वृद्धि? के पीछे बड़ी वजह कोरोना वायरस का खौफ है। बैंक ने कहा कि जनवरी से जून के बीच में 1.32 अरब वॉन (1.1 अरब डॉलर) के जले हुए नोट बैंक को लौटाए गए हैं।

# यूएई ने की अपने पहले परमाणु ऊर्जा संयंत्र के संचालन की घोषणा

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने राजधानी अबू धाबी में अपने पहले परमाणु ऊर्जा संयंत्र के संचालन की घोषणा की है। यूएई के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने एक ट्वीट के जरिए इस उपलब्धि की घोषणा की। उन्होंने लिखा, हम अरब दुनिया में पहले शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा रिएक्टर के संचालन में यूएई की सफलता की घोषणा करते हैं। इस काम में लगी टीमों ने परमाणु ईंधन पैकेज को लोड करने और सफलतापूर्वक परीक्षण पूरा करने में सफलता हासिल की है। प्रधानमंत्री ने कहा

**देश की ऊर्जा जरूरतों का 25 प्रतिशत हिस्सा कवर होने की उम्मीद**

कि भविष्य को लेकर हमारा लक्ष्य है कि हम सुरक्षित, विश्वसनीय और उत्सर्जन-मुक्त तरीके से राज्य में होने वाली खपत की एक चौथाई बिजली इसके जरिए प्राप्त करें। अबू धाबी के राजकुमार शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने भी ट्वीट कर कहा, हम सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों के साथ तालमेल करते हुए बाराका परमाणु ऊर्जा संयंत्र के संचालन की शुरूआत पर गर्व महसूस करते हैं। एमिरेट्स न्यूक्लियर एनर्जी कॉर्पोरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद अल हम्मादी ने कहा, यह संयंत्र एक दशक से अधिक समय के विजन, रणनीतिक योजना और मजबूत कार्यक्रम प्रबंधन की परिणति है। अबू धाबी से 280 किमी दूर स्थित इस परियोजना से देश की ऊर्जा जरूरतों का 25 प्रतिशत हिस्सा कवर होने की उम्मीद है।

## पाकिस्तान एयरलाइंस के क्रेबिन क्रू का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट अनिवार्य

**लाहौर।** पाकिस्तान की हवाई सेवाओं और उनके पायलट को लेकर विश्वसनीयता पर लगातार प्रश्नचिन्ह लगने के चलते अब क्रेबिन क्रू का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट अनिवार्य कर दिया गया है। पिछले महीने उसके पायलटों के लाइसेंस फर्जी पाए गए। दो महीने पहले पाकिस्तान के एविएशन मिनिस्टर गुलाम सरवर ने संसद में खुलासा किया था कि देश के 40 फीसदी पायलटों के पास फर्जी लाइसेंस और डिग्री हैं। इसके बाद पाकिस्तानी पायलटों की नौकरियां अलग-अलग देशों की एयरलाइंस से गईं। पीआईए को हर महीने करोड़ों का घाटा उठाना पड़ रहा है। ऐसे में पीआईए के कॉकपिट में स्मोकिंग की शिकायत सामने आई है। हालांकि पीआईए ने इसे गंभीरता से लिया है और केबिन क्रू पर लगाम लगाने का सख्त फैसला लिया है।

# रूस में बड़े पैमाने पर कोरोना टीकाकरण की चल रही तैयारी, वैक्सीन भी जल्द लांच करेगा

**मॉस्को।** दुनियाभर में कोरोना वैक्सीन का इंतजार किया जा रहा है। कोरोना से निकलने के लिए दुनियाभर के देश वैक्सीन बनाने में जुटे हुए हैं। इस बीच कोरोना वैक्सीन का ट्रायल कर रहे रूस ने एक बड़ा दावा किया है। एक रिपोर्ट के हवाले से दावा किया है कि रूस अक्टूबर से लोगों को बड़े पैमाने पर कोरोना वैक्सीन लगाने की तैयारी कर रहा है। हालांकि, रूस में कोरोना वैक्सीन का फिलहाल ट्रायल चल रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, स्वास्थ्य मंत्री मिखाइल मुराशको ने



शनिवार को कहा कि रूस अक्टूबर में कोरोना के खिलाफ सामूहिक टीकाकरण अभियान शुरू करने की तैयारी कर रहा है। स्वास्थ्य मंत्री मिखाइल मुराशको ने टीका लगाने के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी। उन्होंने सिर्फ इतना बताया कि डॉक्टरों और शिक्षकों को सबसे पहले कोरोना वैक्सीन लगाई जाएगी। एक सूत्र ने बताया कि रूस की पहली संभावित कोरोना वैक्सीन, जिसे एक अनुसंधान सुविधा द्वारा विकसित किया गया है। वैक्सीन को अगस्त में लांच किया जा सकता है। इस लेकर रूस प्लान बनाने में जुटा हुआ है। कुछ दिनों पहले ही रूस को लेकर एक और बड़ी जानकारी आई थी। जानकारी के मुताबिक रूस ने दुनिया की पहली कोरोना वैक्सीन लाने का प्लान बना लिया है। दुनिया के कई देश फिलहाल कोरोना के खिलाफ जंग लड़ रहे हैं, इस बीच रूस 10 अगस्त तक दुनिया की पहली कोरोना वैक्सीन को मंजूरी दिलाने की कोशिशों में जुट गया है। रूस ने इस लेकर खास रणनीति तैयार की है।

# चीन के खिलाफ जापान का साथ देने के लिए अमेरिका हर हाल में प्रतिबद्ध

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री माईक पोम्पियो द्वारा चीन की आक्रामक नीतियों का मुकाबला करने के लिए एक नया गठबंधन बनाने क बात कही है। वहीं जापान की सर्वोच्च रैंकिंग वाले अमेरिकी सैन्य अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल केविन श्नाइडर ने सेनकाकू द्वीप समूह को लेकर कहा, अमेरिका हर हाल में जापान सरकार की साल में 365 दिन, सप्ताह में सातों दिन, दिन में 24 घंटे, मदद करने की अपनी प्रतिबद्धता पर 100 प्रतिशत अडिग है। उन्होंने आगे कहा कि आमतौर पर चीनी जहाज महीने में एक-दो बार सेनकाकू द्वीप समूह पर अंदर जाते हैं, लेकिन अब यहां चीनी जहाज पार्क होना वास्तव में जापान के प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि अमेरिका स्थिति का आकलन करने के लिए जापान की निगरानी और टोही सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस बीच सैन्य विशेषज्ञों ने आशंका जताई है कि विस्तारवादी मानसिकता को संजोने वाला चीन अब पूर्वी चीन सागर में भी जापान के साथ द्वीपों को लेकर उलझ रहा है। जापान ने एक द्वीप श्रंखला के पूर्ण एकीकरण की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसपर चीन की लंबे समय से नजर रही है। ऐसे में अगर जापान से चीन ने बैर मोल लेने की कोशिश की तो उसे भारी पड़ेगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जापान के ओकिनावा प्रान्त में इशिगाकी नगर परिषद ने विवादित द्वीप श्रृंखला को कवर करने वाले एक प्रशासनिक क्षेत्र का नाम बदलने के लिए एक विधेयक पारित किया जो टोक्यो के दक्षिण-पश्चिम में 1,931 किलोमीटर दूर सेनकाकू नामक निर्जन द्वीप समूह पर जापान के नियंत्रण को मजबूत करता है। चीन और जापान दोनों ही इन निर्जन द्वीपों पर अपना दावा करते हैं। जिन्हें जापान में सेनकाकू और चीन में डियाओस के नाम से जाना जाता है। इन द्वीपों का प्रशासन 1972 से जापान के हाथों में है, लेकिन उनकी कानूनी स्थिति अब तक कुछ विवादित रही है। वहीं, चीन का दावा है कि ये द्वीप उसके अधिकार क्षेत्र में आते हैं और जापान को अपना दावा छोड़ देना चाहिए। विधेयक पारित किए जाने से पहले, बीजिंग ने द्वीप श्रंखला की यथास्थिति में किसी भी बदलाव के खिलाफ टोक्यो को चेतावनी दी थी। सेनकाकू या डियाओस द्वीपों की रखवाली वर्तमान समय में जापानी नौसेना करती है। अप्रैल के बाद से, चीनी जहाजों को जापानी तट रक्षक द्वारा सेनकाकू के करीब पानी में देखा गया है। चीनी जहाजों की संख्या पिछले कुछ हफ्तों में बढ़ी है। जापान और अमेरिका में 1951 में सेन फ्रांसिस्को संधि है जिसके तहत जापान की रक्षा की जिम्मेदारी अमेरिका की है।



वेंकुवर कनाडा में नस्लभेद के खिलाफ एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए लोग।

# हाथों से ओके का साइन बनाना शख्स को पड़ा महंगा, गंवानी पड़ी नौकरी

**न्यूर्याक।** हाथ से बनाया गया ओके आपकी नौकरी भी छीन सकता है। कुछ ऐसा ही हुआ अमेरिका में इमैनुएल कैफर्टी के साथ। दरअसल विदेशों में ऐसे साइन नस्लवाद के साथ जोड़कर देखे जाते हैं। इमैनुएल कैफर्टी सैन डिएगो में बिजली और गैस का काम करके घर लौट रहा था। उसने गाड़ी की खिड़की से एक हाथ बाहर निकाला हुआ था और कथित तौर पर उंगलियां चटका रहा था। इसी दौरान उसका अंगूठा और तर्जनी मिल गए, जो दुनिया के बहुत से देशों में ओके या फिर बढ़िया के लिए दिखाया जाता है। सड़क पर गुजरते एक शख्स ने इस साइन का वीडियो बनाकर ट्विटर पर पोस्ट कर दिया। ट्विटर में कैफर्टी के हाथों को दिखाते हुए उनपर रेसिस्ट होने का आरोप लगा था। इस घटना के घंटे भर बाद कैफर्टी की नौकरी चली गई। मामले में कैफर्टी का कहना है कि उसे पता ही नहीं था कि हाथों को इस तरह से करना भी रेसिज्म है।

# बहामास में तबाही मचाने के बाद फ्लोरिडा की ओर बढ़ा तूफान इसायस

## -फ्लोरिडा के गवर्नर ने निवासियों से पानी, भोजन, दवाओं का प्रबंध करने को कहा

**लॉस एंजलिस( नई दिल्ली )** इसायस चक्रवात बहामास में पेड़ और बिजली के खंभे उखाड़ने के बाद अब यह फ्लोरिडा तट की ओर बढ़ गया है। इसायस उष्णकटिबंधीय तूफान में तब्दील हो गया, लेकिन इसके फ्लोरिडा में पहुंचने तक रातभर में फिर से तूफान का रूप लेने की आशंका है। फ्लोरिडा के गवर्नर रोन डीसैंटीज ने एक संवाददाता सम्मेलन में आगाह किया, हमें आज रात से असर देखने को मिलने लगेगा। इसके कमजोर होने के धोखे में मत आईए। फ्लोरिडा प्रशासन ने समुद्र तटों, पार्कों और वायरस जांच केंद्रों को बंद कर दिया है। गवर्नर ने कहा कि राज्य में बिजली की कटौती की संभावना है और उन्होंने निवासियों से एक हफ्ते के लिए



पानी, भोजन और दवाओं का प्रबंध करने के लिए कहा। नॉर्थ कैरोलाइना में अधिकारियों ने ओक्राकोक द्वीप को खाली कराने का आदेश दिया है जहां पिछले साल तूफान डोरियन ने तबाही मचाई थी। इस बीच बहामास में अधिकारियों ने अबाको द्वीप में ऐसे लोगों के मद्देनजर शिविर खोल दिए हैं, जो डोरियन के तबाही मचाने के बाद से अस्थायी आशियानों में रह रहे थे। तूफान के सुबह तक फ्लोरिडा के दक्षिणपूर्व तट तक पहुंचने का अनुमान है। इसके सोमवार तक तूफान बने रहने की आशंका है और उसके बाद यह धीरे-धीरे कमजोर पड़ेगा। तूफान के बावजूद स्पेसएक्स और नासा की डाउग हर्ले और बॉब बेनकेन को कंपनी के ड्रैगन कैप्सूल में मैक्सिको की खाड़ी में उतारने की योजना है। फ्लाइट कन्ट्रोलर्स चक्रवात इसायस पर करीब से नजर रख रहे हैं, जिसके फ्लोरिडा के पूर्वी तट पर आने की आशंका है और जहां उन्हें उतारने की योजना है वह स्थान फ्लोरिडा के करीब है।

# इंग्लैंड ने दूसरी एकदिवसीय में भी आयरलैंड को हराया

## बेयरस्टो, बलिंग्स और विली का शानदार प्रदर्शन



**साउथैम्पटन।** विकेट कीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो की शानदार पारी से इंग्लैंड ने दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में भी आयरलैंड को 4 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आयरलैंड ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 212 रन बनाये। इस प्रकार मेजबान इंग्लैंड टीम को जीत के लिए 213 रन का लक्ष्य मिला था जो उसने 32.3 ओवर छह विकेट खोकर हासिल कर लिया। बेयरस्टो ने 41 गेंदों में 14 चौके और 2 छक्के लगाकर 82 रन की शानदार पारी खेली। बेयरस्टो के आउट होने के बाद सैम बिलिंग्स ने 46 और डेविड विली ने 47 रना बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। इस प्रकार तीन मैचों की इस सीरीज को इंग्लैंड ने अपने नाम कर लिया है। इस मैच में आयरलैंड ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। आयरलैंड की ओर से सबसे ज्यादा 68 रन कर्टिस कैंफर ने बनाये कर्टिस के अलावा हैरी टेक्टर ने 28, सिमी सिंह ने 25, एंड्र्यू मैकब्राइन ने 24 रन की पारी खेली। कर्टिस ने इस दौरान टीम को दो सौ रनों के ऊपर पहुंचाया। वहीं इंग्लैंड की ओर से सबसे ज्यादा विकेट आदिल रशीद ने लिए। रशीद ने 34 रन देकर 3 विकेट लिए। वहीं साकिब महमूद ने 45 और डेविड विली ने 48 रन देकर 2-2 विकेट अपने नाम किए। रेसी टॉपले और जेम्स विंसे ने एक-एक विकेट लिया।

## दर्शकों की खेल में रुचि जगायें खिलाड़ी - सेबेस्टियन



**नई दिल्ली।** विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को ने ट्रैक और फील्ड से जुड़े खिलाड़ियों से कहा है कि युवा दर्शकों को आकर्षित करने के लिये उन्हें कड़ी मेहनत करनी होगी। सेबेस्टियन ने एक आनलाइन सेमिनार में कहा कि खेल में दर्शकों की रूचि बनाये रखनी होगी। उन्होंने कहा ,'' मुझे लगता है कि युवा दर्शकों को सूचनायें आकर्षक तरीके से देना जरूरी है चाहे वे अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में बैठे हों या घास के ट्रैक के पास।''उन्होंने कहा ,'' उन्हें खेल देखने में आनंद आना चाहिये अगर ऐसा नहीं हुआ तो वह किसी और दिशा में चले जाएंगे।''हाल ही में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्य बने सेबेस्टियन ने कहा कि खेल सिर्फ प्रतिभाओं तक ही सीमित नहीं है। उन्होंने कहा ,''यह भी देखा जाना चाहिये कि उसे दर्शकों के सामने कैसे पेश किया जा रहा है। यही वजह है कि यह सेमिनार काफी महत्वपूर्ण है।''वहीं भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष आदिले सुमरिवाला ने कहा ,'' एएफआई कोरोना वायरस महामारी को लेकर ताजा जानकारी मुहैया कराता आया है। यह सेमिनार सभी स्तरों पर दर्शकों को खेल देखने का बेहतरीन अनुभव देने के हमारे मिशन का ही एक हिस्सा है।''एएफआई ने दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स महासंघ, ओशियाना एथलेटिक्स संघ और यूरोपीय एथलेटिक्स के साथ इस सेमिनार का आयोजन किया था।

# आईपीएल की तैयारी करते नजर आये विराट



**नई दिल्ली ।** टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली ने आईपीएल के लिए अपनी तैयारियां शुरु कर दी हैं। विराट आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान हैं। कोरोना वायरस के कारण पिछले चार माह से क्रिकेट सहित सभी खेल गतिविधियां स्थगित हैं। आईपीएल का 13 वां सत्र 19 सितंबर से 8 नवंबर के बीच संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेला जाना है। इस टूर्नामेंट के लिए अब खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत रुप से अभ्यास शुरु कर दिया है। इसी के तहत विराट ने अपनी तैयारियों की तस्वीर साझा की है। विराट की टीम अभी तक एक बार भी आईपीएल नहीं जीती है। ऐसे में आरसीबी इस बार यूएई में होने वाले इस टूर्नामेंट को जीतने का पूरा प्रयास करेगी।

विराट ने अपनी इंस्टा स्टोरी में अपने क्रिकेट गियर्स की एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में कुछ बैट्स, पैड और एक बॉक्स नजर आ रहे हैं। वहीं अन्य आईपीएल टीमों ने भी इस टूर्नामेंट के लिए तैयारी शुरू कर दी है। उम्मीद है कि सभी आठ टीमें इस महीने के तीसरे सप्ताह में तैयारियों के लिए यूएई पहुंचेंगी। विराट की आरसीबी में दुनिया भर की टीमों के स्टार खिलाड़ी शामिल हैं।

आरसीबी की पूरी टीम इस तरह हैं=

विराट कोहली (कप्तान), एबी डिविलियर्स, देवदत्त पड्डिकल, पार्थिव पटेल, आरोन फिंच, जोशुआ फिलिप, शहबाज अहमद, गुरुकीरत सिंह मान, पवन देशपांडे, मोइन अली, शिवम दुबे, क्रिस मौरिस, इसुरु उडाना, युजवेंद्र चहल, वॉशिंगटन सुंदर, पवन नेगी, उमेश यादव, नवदीप सैनी, मोहम्मद सिराज, केन रिचर्ड्सन, डेल स्टेन।

# प्रशंसकों के सबसे पसंदीदा खिलाड़ी बने छेत्री



**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री प्रशंसकों के पसंदीदा खिलाड़ी बने हैं। छेत्री ने 2019 एएफसी एशियाई कप के सबसे पसंदीदा खिलाड़ी की दौड़ में उजबेकिस्तान के एल्डोर शोमुरोदोव को हराया। छेत्री को 51 जबकि शोमुरोदोव को 49 वोट मिले। वहीं एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने सोशल मीडिया पर कहा ,'' 19 दिन, 561856 वोट और एशियाई कप के सबसे पसंदीदा खिलाड़ी बनने पर छेत्री को बधाई।'' छेत्री ने एएफसी एशियाई कप के ग्रुप चरण में दो गोल किये थे। इन दोनों गोलों की सहायता से भारत ने थाईलैंड को 4-1 से हराया था। भारत यहां अंतिम 16 में प्रवेश के करीब पहुंचा पर यूएई और बहरीन के हाथों मिली हार के बाद बाहर हो गया। एएफसी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर पसंदीदा खिलाड़ी के लिए मुकाबला कराया था। भारत की ओर से छेत्री ने 115 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे ज्यादा 72 गोल किये हैं। उनसे अधिक गोल सक्रिय फुटबॉलरों में सिर्फ पुर्तगाल के स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम।

## कई अन्य खिलाड़ी भी अमेरिकी ओपन से हटेंगे : मरे

**लंदन ।** ब्रिटेन के शीर्ष टेनिस स्टार एंडी मरे ने कहा है कि कोरोना महामारी के खतरे को देखते हुए अभी कई और खिलाड़ी भी अमेरिकी ओपन से हट सकते हैं। विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया की एश्ले बार्टी के अमेरिकी ओपन से नाम वापस लेने को देखते हुए मरे ने यह बात कही है। इससे पहले बार्टी ने कहा था कि वह कोरोन संक्रमण के खतरे को देखते हुए अमेरिका यात्रा का जोखिम नहीं ले सकती हैं। अमेरिकी ओपन 31 अगस्त से शुरू होगा।

# सफल स्ट्राइकर बनने छठी इंद्री के संकेत समझें - भूटिया



**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम के महान स्टाइकर रहे पूर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया ने कहा कि इस क्षेत्र में सफल होने के लिए %छठी इंद्री% को विकसित करना जरुरी है। भूटिया ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) से कहा कि एक स्ट्राइकर तभी सफल हो सकता है जब वह गोल करने के अवसरों को सही तरीके से समझ सके। भूटिया ने कहा कि छठी इंद्री के जरिये ही यह पता करने की जरूरत है कि अवसर कहां से बन रहा है। दुनिया के सबसे अच्छे स्ट्राइकरों में यह समझ होती है। इस पूर्व खिलाड़ी ने कहा कि आपको हालातों को पढ़ने आना चाहिए। ऐसे में जब तक आप अपनी छठी इंद्री विकसित नहीं करते, आप एक सफल स्ट्राइकर नहीं बन सकते। भारत की ओर से 104 मैचों में 40 गोल करने वाले भूटिया ने कहा कि आप 10 मौके में से एक या दो बार ही गोल करने में सफल होते है, ऐसे में आपको जो भी अवसर मिले उसमें पूरी ताकत लगाना जरुरी होता है।

# सात अगस्त को पेश होगी किआ सोनेट

**नई दिल्ली ।** कार बनाने वाली कंपनी किआ मोटर्स इंडिया ने अपनी आने वाली सब-कॉम्पैक्ट एसयूवी सोनेट की ऑफिशल तस्वीरें जारी की हैं। इन तस्वीरों से किआ सोनेट के एक्सटीरियर और इंटीरियर की झलक मिलती है। सोनेट एसयूवी आगामी 7 अगस्त को पेश की जाएगी। कंपनी का कहना है कि उसकी यह नई एसयूवी शानदार डिजाइन और कई फर्स्ट-इन-सेगमेंट फीचर्स के साथ आएगी। सॉनेट एसयूवी के फ्रंट में किआ की सिग्नेचर %टाइगर नोज% ग्रिल, एलईडी डीआरएल, एलईडी हेडलैम्प और स्पोर्टी फ्रंट बंपर मिलेंगे। नई तस्वीरों में यह ब्लैक रूफ, सिल्वर रूफ रेल्स, अलॉय वील्ज के साथ भारी-भरकम वील आर्च, एलईडी टेललैम्प, टेललैम्प्स को कनेक्ट करने वाली एलईडी स्टॉप लाइट स्ट्रिप और बड़े सिल्वर फॉक्स स्किड प्लेट के साथ है। किआ सॉनेट में यूवीओ कनेक्टेड कार टेक्नॉलजी के साथ 10.25-इंच का एचडी टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम मिलेगा, जो इस सेगमेंट की किसी भी कार में पहली बार दिया गया है। डैशबोर्ड के लिए हाई-क्वॉलिटी मटीरियल्स का इस्तेमाल किया गया है। इसमें 3-स्पोक स्टीयरिंग वील, डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, मोटे सिल्वर बेजल्स के साथ वर्टिकल एयर-कॉन वेंट्स और गियर लीवर के चारों ओर सिल्वर बेजल दिए गए हैं।

## नोकिया टेक शो आईएफए 2020 में तीन नए स्मार्टफोन लांच कर सकती

**नई दिल्ली ।** नोकिया सितंबर में बर्लिन में होने वाले टेक शो आईएफए 2020 में तीन नए स्मार्टफोन लांच कर सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक,नोकिया 2.4 के साथ कंपनी नोकिया 6.3 और नोकिया 7.3 से पर्दा उठा सकती है। ये सभी डिवाइसेज एंट्री-लेवल या मिड-रेंज कैटिगरी में लांच होंगी। नोकिया 2.4 एंट्री-लेवल जबकि नोकिया 6.3 और नोकिया 7.3 मिड-रेंज स्मार्टफोन हो सकते हैं। एक खबर के मुताबिक नोकिया 2.4 को वॉलरिन कोडनेम नाम दिया गया है।ड्यूल रियर कैमरा सेटअप वाले एक लाइट पर्पल कलर स्मार्टफोन की लो-क्वालिटी इमेज भी साझा की है। फोन को 110 डॉलर (करीब 8,200 रुपये) में लांच किया जा सकता है।

# भारत में जीप कंम्पास नाइट ईगल प्रस्तुत



**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार में जीप कंपनी ने कम्पास एसयूवी का लिमिटेड एडिशन मॉडल प्रस्तुत किया है। जीप कम्पास नाइट ईगल एडीशन नाम से बाजार में उतारा गया है। इस मॉडल की कीमत 20.14 लाख से 23.31 लाख रुपये के बीच है। यह जीप कंपास एसयूवी का पहला ग्लोबल लिमिटेड-एडिशन मॉडल है। भारत में सिर्फ 250 यूनिट जीप कंम्पास नाइट ईगल की बिक्री होगी। कंपस एसयूवी का यह लिमिटेड-एडिशन मॉडल ब्राजील और यूके जैसे कुछ ग्लोबल मार्केट्स में पहले से बिक्री के लिए उपलब्ध है। कंपस नाइट ईगल चार कलर ऑप्शन- वोकल वाइट, ब्रिलियंट ब्लैक, एग्जॉटिका रेड और मैग्नेशियो ग्रे में उपलब्ध है। कंपस के स्टैंडर्ड मॉडल के मुकाबले नया लिमिटेड एडिशन मॉडल ज्यादा स्पोर्टी दिखता है, जिसके लिए एसयूवी की स्टाइलिंग अपडेट की गई है। इस स्पेशल एडिशन मॉडल के बाहर और अंदर ब्लैक ट्रीटमेंट दिया गया है। स्पेशल एडिशन एसयूवी के साइड फेंडर्स और बूट लिड (डिग्गी का दरवाजा) पर स्पेशल 'नाइट ईगल' बैज हैं। ग्रिल, फ्रंट बंपर, रूफ पैनल और विंडो लाइन ब्लैक कलर में हैं। साथ ही एसयूवी के 18-इंच के अलॉय वील्ज भी ब्लैक हैं। जीप कंपस नाइट ईगल का इंटीरियर पूरी तरह ब्लैक कलर में है, जिसमें ब्लैक टेक्नो-लेदर अपहोल्स्ट्री और डैशबोर्ड पर ग्लॉस ब्लैक फिनिश दी गई है। जीप कंपस नाइट ईगल एडिशन स्टैंडर्ड कंपस के लांगीटयूड प्लस वेरियंट पर आधारित है। इसमें ऐपल कारप्ले और ऐंड्रॉयड ऑटो के साथ 7-इंच टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम, ड्यूल-जोन क्लाइमेट कंट्रोल, पुश-बटन स्टार्ट के साथ की-लेस एंट्री, पावर्ड विंग मिरर्स, फ्रंट कॉर्नरिंग लैम्प्स और रिवर्स पार्किंग कैमरा जैसे फीचर्स हैं। कंपस नाइट ईगल के इंजन रेग्युलर कंपस एसयूवी वाले ही हैं।



# दूसरे विभाग भी आंगनवाड़ी केन्द्रों को सक्षम बनाने में सहयोग करें - मुख्यमंत्री चौहान

## महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती इमरती देवी ग्वालियर से हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में शामिल



**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बच्चों और महिलाओं का कुपोषण दूर कर उन्हें स्वस्थ बनाए रखने में आंगनवाड़ी केन्द्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कोविड-19 के दौर में इसका महत्व और भी बढ़ गया है। दूसरे विभाग भी आंगनवाड़ी केन्द्रों को सक्षम बनाने में सहयोग करें। अधिकारी और मंत्रीगण भी जिलों में भ्रमण के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरस्त करने में सहयोग प्रदान करें। पोषण अभियान की कार्ययोजना बनाकर शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त किए जाएं। महिला और बाल विकास की योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन को बेहतर बनाया जाए। जो कमियां दिखें उन्हें दूर किया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी केन्द्रों पर विभिन्न व्यवस्थाएँ करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग विभिन्न विभागों के साथ समन्वय बढ़ाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रविवार को भोपाल के चिरायु अस्पताल से वीडियो कान्फ्रेंस द्वारा प्रदेश की आंगनवाड़ियों के संचालन की समीक्षा करते हुये ये निर्देश दिये। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती इमरती देवी ग्वालियर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में शामिल हुईं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि एक मूवमेंट और जन आंदोलन बनाकर कुपोषण का कलंक दूर करें। आगामी 15 अगस्त तक इसकी कार्ययोजना बनाई जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोविड-19 की परिस्थितियों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने अच्छा कार्य किया है, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आंगनवाड़ी के माध्यम से बच्चों को पोषण आहार देने का लक्ष्य पूर्ण करें। प्रदेश में शत-प्रतिशत आंगनवाड़ी केंद्र के भवन निर्माण का लक्ष्य है। अब प्रदेश में कहीं भी, किसी घर में आंगनवाड़ी केन्द्र संचालित नहीं होंगे। इन्हें अपने भवन मिलेंगे। सामुदायिक भवन अथवा अन्य रिक्त शासकीय भवन में इसकी व्यवस्था की जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस,अपर मुख्य सचिव श्री मनोज श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव श्री अशोक शाह उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने चिरायु अस्पताल से वीसी द्वारा निर्देश दिए कि कोविड-19 के संक्रमण काल में 53 हजार 668 स्व-सहायता समूहों द्वारा तीन वर्ष से छह वर्ष की आयु के सभी बच्चों को रेडी टू ईट पूरक पोषण आहार प्रदाय करने का कार्य सुचारू रूप से संचालित हो। लोकल फॉर वोकल के क्रियान्वयन के अंतर्गत रेडी टू ईट की व्यवस्था की गई है। इसी प्रावधान के अनुसार सभी पात्र हितग्राहियों को प्रत्येक 15 दिवस के अंतराल से टेक होम राशन प्रदाय की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गंभीरता से अपना दायित्व पूरा करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बच्चों का वजन लेकर उनके पोषण स्तर की निगरानी और टीकाकरण भी नियत स्थानों पर छोटे-छोटे समूहों में किया जा रहा है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लोगों के निवास जाकर कोरोना संक्रमण से बचाव का परामर्श भी प्रदान करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कोरोना संक्रमण काल में पलायन कर मध्यप्रदेश में आए परिवारों के पात्र हितग्राहियों को पूरक पोषण आहार प्रदाय की जानकारी भी प्राप्त की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा है कि महिला एवं बाल विकास विभाग त्रि-स्तरीय रणनीति तैयार कर कार्यों का संपादन सुनिश्चित करें। तत्काल किए जाने वाले कार्य, अल्पकालीन लक्ष्य और दीर्घकालीन लक्ष्य निर्धारित किए जाएं। तिमाही, छमाही और सालाना लक्ष्य बनाए जा सकते हैं। आंगनवाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण के लिए सूचना प्रौद्योगिकी आधारित पद्धति विकसित की जाए। इसे सिंगल सिटीजन डाटाबेस से भी जोड़ा जा सकता है। बेहतर मानीटरिंग सिस्टम होने से आंगनवाड़ी केन्द्रों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्रों की कमियाँ दूर कर उनकी उपयोगिता बढ़ाई जाए। केन्द्रों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके लिए हैण्डपम्प स्थापना और पाईप लाइन से जल प्रदाय की संभावना का अध्ययन कर व्यवस्था की जाए। जिन केन्द्रों में किचन शेड और शौचालय नहीं है, वहाँ इनकी व्यवस्था के लिए प्रयास हों। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत इन व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्वास्थ्य विभाग को भी आंगनवाड़ी केन्द्रों के बेहतर संचालन के लिए सक्रिय रहने को कहा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि नई शिक्षा नीति के संदर्भ में आंगनवाड़ी केन्द्र के स्तर तक प्रायमरी पूर्व शिक्षा की व्यवस्था एक चुनौती है, जिसे स्कूल शिक्षा विभाग के साथ समन्वय कर अच्छे परिणाम प्राप्त करने के उद्देश्य से प्रयास किए जाएं। समीक्षा बैठक में जानकारी दी गई कि आंगनवाड़ी केन्द्रों की छह महत्वपूर्ण सेवाओं में पूरक पोषण आहार, पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा, स्वास्थ्य जाँच, टीकाकरण, शाला पूर्व शिक्षा और संदर्भ सेवाएं शामिल हैं।

# शहर में कई जगह मिठाई की दुकानों पर छापे, स्टेशन से 5 क्विंटल मावा व पनीर जब्त

**ग्वालियर।** मिलावट के संदेह में खाद्य विभाग की टीम ने शहर में मिठाई की दुकानों पर छापामार कार्रवाई की। कहीं से रसगुल्ला तो कहीं से लड्डू के सैंपल लिया। एक टीम ने स्टेशन से मावा पकड़ा। बाजार में बालमुकुंद मिष्ठान भंडार से बूंदी के लड्डू का सैंपल लिया गया। बहोड़ापुर में पद्म कुमार सिंघल की अग्रवाल मिष्ठान भंडार से मिल्क केक, कम्पू तिराहा स्थित सुनील गुप्ता की परमानंद स्वीट्स से काजू



उसे शहर से बाहर भेजने की तैयारी थी बाद में मावा कारोबारी भी आ पहुंचा लेकिन जांच दल ने सैंपल लेकर उसे जब्ती में ले लिया। रक्षाबंधन से दो दिन पहले खाद्य विभाग की कार्रवाई से मावा व मिठाई कारोबारियों में हड़कंप है। अभिहित अधिकारी दीपशिखा भगत के नेतृत्व में अलग-अलग टीमें मिठाई की दुकानों पर जा खड़ी हुई इससे दुकानदार सकपका गए। कुछ ने तो मिठाई छिपाने और सैंपल न देने का प्रयास भी किया लेकिन सफल नहीं हो सके। टीम ने शिंदे की छावनी स्थित शान शौकत से रसगुल्ला का सैंपल लिया। दुकानदार ने ना नुकूर की लेकिन टीम ने एक नहीं सुनी। फालका कतली और रविकांत गुप्ता की गिर्राज मिष्ठान भंडार से बेसन के लड्डू का सैंपल लिया गया। सूचना मिलने पर एक टीम स्टेशन पहुंची। यहां पार्सल रूम पर 5 क्विंटल मावा और 3 क्विंटल पनीर बाहर भेजने को रखा था। मावा-पनीर मुरैना से आया था। जब जब्ती की कार्रवाई की तभी मुरैना निवासी हरेन्द्र कंषाना वहां पहुंचा और मावा-पनीर अपना बताया लेकिन टीम ने जब्ती की कार्रवाई की और सैंपल लिए। कार्रवाई करने वाली टीमों में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रवि शिवहरे, लकेन्द्र सिंह, निरूपमा शर्मा, लखनलाल, आनंद शर्मा, गोविन्द सरगैंया, सतीश शर्मा और सतीश धाकड़ मौजूद थे।

# ऑनलाइन सावन हरियाली महोत्सव हुआ सम्पन्न

**बरखा श्रीवास्तव**

**ग्वालियर /** कर्तव्य जन सामाजिक संस्था की ओर से ऑनलाइन ÷सावन हरियाली महोत्सव÷ का आयोजन किया गया जिसमे सभी महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया अपनी सुंदरता को सोलह सिंगार से सबारकर अपनी सुंदरता को ओर भी बढ़ा दिया तथा उसी सुंदरता के साथ पर्यावरण को सुंदर बनाने के लिए पेड़ों को लगाया गया जिसने उनके सौंदर्य को ओर भी बढ़ा दिया इस प्रोतियोगिता में महिलाओं ने पेड़ लगाते हुए फ़ोटो खिंचे ओर उसी पेड़ और पौधों के साथ सेल्फी ली और अपने घर और बगीचों में 5 पौधों लगाए जिसका



वीडियो और फ़ोटो भी निकाले गए इस प्रतियोगिता के माध्यम से पर्यावरण को बचाने और सुरक्षित रखने का संकल्प भी लिया इस प्रतियोगिता मे ग्वालियर एवं ग्वालियर से बहार की 100 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया तथा उनके द्वारा 500 से अधिक पेड़ ओर पौधे सभी शहरों में लगाये गए इस प्रतियोगिता मे पहली केटेगिरी में पहला स्थान-1-ऐश्वर्या जादौन दूसरा स्थान-2-नीलम गर्ग,तीसरा स्थान-3-कोमल पाल- सांत्वना -- बबीता गुप्ता, पूजा परिहार, अनुराधा शिवहरे, दूसरी केटेगिरी में पहला स्थान-1-श्रेया गुप्ता, दूसरा स्थान-2-संगीता अग्रवाल, तीसरा स्थान-3-बंदना जुनेजा, सांत्वना अन्नपूर्णा राजावत, तीसरी केटेगिरी में पहला स्थान-1-संध्या पांडेय इंदौर, दूसरा स्थान-2-तृप्ति उपाध्याय इंदौर,तीसरा स्थान-3-डॉ. सोना इंदौर, सांत्वना पूजा जैन बेंगलौर, स्पेशल केटेगिरी में पहला स्थान-1-नीरजा लोनकर, दूसरा स्थान-2-नीलू सक्सेना देवास, तीसरा स्थान-3-रिचा गोयल सांत्वना, सुलेखा शर्मा, को दिया गया यह प्रतियोगिता संस्था द्वारा ऑनलाइन आयोजित की गई जिसमें निर्णयको की सराहनीय भूमिका रही जिसमे निर्णयक के रूप में भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष खुशबू गुप्ता,, मिसेज इंडिया पूनम सप्रा,, फ़िल्म एक्टर्स संघमित्रा कौशिक रही संस्था की ओर से संस्था अध्यक्ष शैलजा शर्मा संस्था संरक्षक भारती राजोरिया, संरक्षक शोभा सिकरबार, डॉ.बीना प्रधान,जय श्री बाथम, रेनू जैन ,निधि बंसल, सुमन दीक्षित, कंचन शर्मा, सपना पाल, संगीता श्रीवास्तब, शोभा कुशवाह, संगीता पाल, अनुराधा तोमर,ने अपनी महत्व पूर्ण भूमिका निभाई ।।

# बजरंग भक्त मंडल ने की साप्ताहिक गौसेवा

**वासुदेव मिश्रा रिपोर्टर**

ग्वालियर बजरंग भक्त मंडल द्वारा मार्क हॉस्पिटल,गोले का मंदिर में प्रति सप्ताह की जाने वाली गौसेवा के क्रम ने आज रविवार को भी बजरंग भक्त मंडल द्वारा 500 किलो हरे चारे की गौभोग सेवा श्री अशोक पंडित जी की ओर से की गई। मंडल द्वारा ग्वालियर के आम जनो से उक्त गौशाला पहुच कर गौसेवा करने एवं



पॉलीथिन का उपयोग न करने की अपील की है जिससे गौमाता को असहनीय मृत्यु एवं कष्ट से बचाया जा सके। आज की गौसेवा में मंडल अध्यक्ष आशीष मंगल,सचिव मुकेश खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा,उपाध्यक्ष प्रेम गोयल,उपाध्यक्ष लेखराज प्रेमानी, शशांक अग्रवाल, अशोक पंडित जी,आशीष बंसल,अरविंद मित्तल,अमन गर्ग,वर्मा जी आदि सदस्य उपस्तिथ थे।

## महिला एवं बाल विकास विभाग के एमआईएस पोर्टल पर 4 अगस्त से होगा पंजीयन

**ग्वालियर।** पूर्व से संचालित एवं नए संचालित होने वाले निजी क्षेत्र के (प्रायवेट) शाला पूर्व शिक्षा केन्द्रों का ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है। शाला पूर्व शिक्षा केन्द्रों के नियमन एवं निगरानी के लिये महिला एवं बाल विकास विभाग के एमआईएस पोर्टल द्वश्च2ष्त्रद्वद्वह्य.द्दश्1.द्वठ्ठ पर इन केन्द्रों के पंजीकरण की सुविधा प्रदान की गई है। पंजीयन का कार्य 4 अगस्त से शुरू होगा। निजी क्षेत्र के शाला पूर्व शिक्षा केन्द्रों के पंजीयन कराने के संबंध में न्यू कलेक्ट्रेट परिसर के कमरा नं. 216 में स्थित महिला-बाल विकास के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। वेबीनार का लिंक एवं पासवर्ड की जानकारी प्रायवेट प्री-स्कूल केन्द्र के संचालकगणों को दूरभाष के जरिए अलग से प्रदान की जायेगी।

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ
पुष्पांजली टुडे
क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक
डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
( Min. size 5×9 )
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु
नि :शुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी
संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

प्रतिभा हम निखारेंगे
अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।
*हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।*
पुष्पांजली टुडे
E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com
Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207
नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे

Pro- Bipin Singh Tomar
9301759475 9713253992
Mail-Vipintomar172@gmail.com
Somya Advertise & Marketing Service
Boost Your Business In Lockdow
Promote Your Business & Generate Leads
Bulk Sms & Voice call Marketing
Bulk Whatsapp Sender
Digital Marketing
Door To Door Marketing
Flex And Pritning & Printing Media
E. media, FM Redio
Add- Radha Krishna Plaza Near By Police Choki Sabji Mandi Pinto Park Gwalior (M.P.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478